SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## शहर में आज



- केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हाल में राज्य स्तरीय सब जूनियर, जूनियर वुशू प्रतियोगिता– सुबह 11:00 बजे।
- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में पं. गुरुपदा सेवा धाम और आईटीसी संगीत रिसर्च एकेडमी की ओर से तबला, सितार वादन व शास्त्रीय गायन– सायं 6:15 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाट्य संस्था निसर्ग की ओर से नाटक का मंचन – सायं 7:00 बजे।

# महाराष्ट्र के बच्चों ने भेजा था स्कूल को बम से उड़ाने का ई-मेल

## ऑनलाइन गेम डी-कोड में मैसेज भेजकर बच्चों को दिया गया था टास्क, सुशांत गोल्फ सिटी और एटीएस ने किया खुलासा, चेतावनी देकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के बिरला ओपन माइंड स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल महाराष्ट्र से आया था। यह मेल कुछ बच्चों ने ऑन लाइन गेम डी-कोड में मिले टास्क के तहत भेजा था। ई-मेल में क्या लिखा था, इसकी जानकारी बच्चों को नहीं थी। ऐसे में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरुप सिंह ने बताया कि बिरला ओपन माइंड स्कूल को 01 मई को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। प्रधानाचार्य की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामला संवेदनशील होने के कारण जांच में एटीएस की मदद ली गई।

जांच के दौरान ई-मेल महाराष्ट्र से आने की पुष्टि हुई। जब जांच कर रही संयुक्त टीम वहां पहुंची तो पता चला कि कुछ बच्चों ने ई-मेल भेजा है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि आनलाइन डी-कोड गेम खेलते हैं। उसमें ग्रुप बनाकर टास्क पूरे किए जाते हैं। उसी दौरान मैसेज और मेल आइडी देकर ई-मेल करने को कहा गया। इस पर ग्रुप ने ई-मेल भेज दिया। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पाया गया कि बच्चों को कुछ भी जानकारी नहीं थी। ऐसे में बच्चो के साथ-साथ मां-बाप को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

### किशोर ने दी थी मेट्रो स्टेशन उड़ाने की धमकी

पांच मई को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि मेट्रो स्टेशन पर कुछ बड़ा होने वाला है। स्टेशन परिसर में विस्फोटक रखा है। पुलिस ने कॉल आने के बाद पूरे स्टेशन की जांच की लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद जब कॉल करने वाले की तलाश शुरू हुई तो एक किशोर का नाम सामने आया। पुराने लखनऊ का रहने वाला किशोर एक सराफा कारोबारी का पुत्र था। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने कहा कि जवान फिल्म से प्रभावित होकर ई-मेल किया था। पुलिस ने उसे भी हिदायत देकर छोड़ा था।

### टास्क देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस

डीसीपी के मुताबिक जांच में इसकी पुष्टि हुई कि बच्चों को जिसने ई-मेल भेजा है, उसे बच्चे नहीं जानते थे। ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने के लिए बच्चों के मोबाइल को पुलिस टीम ने कब्जे में ले लिया है। टीम उस मैसेज भेजने वाले को ट्रेस कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इस स्कूल के साथ-साथ अन्य दो स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल भेजा गया था। उन्हें ई-मेल भेजने वाले को बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

### अभिभावक नहीं देखते मोबाइल फोन पर क्या कर रहे बच्चे

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार ने बताया कि कोविड के बाद से 90 प्रतिशत बच्चों के पास पढ़ाई के नाम पर स्मार्ट फोन आ गया। हालांकि अब न तो ऑन लाइन क्लास चल रही है और न ही इसकी जरूरत है। इसके बावजूद बच्चे दिन भर मोबाइल का प्रयोग करते हैं। बच्चे मोबाइल पर क्या कर रहे हैं। इस पर अभिभावक निगरानी नहीं करते हैं।

### पंपलेट से मिली थी स्कूल की ई-मेल आईडी

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीसीपी के मुताबिक नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि गेमिंग ऐप से उसकी हम उम्र के बच्चों से दोस्ती हो गई। जिसके बाद तीनों ने डी-कोड चैटिंग ऐप पर ग्रुप बना लिया। स्कूल के एडमिशन के पंपलेट से ई-मेल आईडी मिली। जिसके बाद Everybody1154‹bha›@‹/bha›gmail.com से स्कूल की मेल आईडी AdmissionShaheedpath‹bha›@‹/bha›birlaopenmind.com पर स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी। इस मामले में तीन आईडी ट्रेस हुई है। पुलिस अन्य बच्चों की जानकारी जुटा रही है। नाबालिग ने बताया कि पीएस-5 और पीएस-7 खेलने के दौरान संपर्क में आए।

## एक नजर

### नगर निगम में गृहकर समाधान दिवस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भवन स्वामी जीआईएस सर्वे में गृहकर निर्धारण में गड़बड़ी की समाधान दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। नगर निगम के लालबाग स्थित मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस समाधान दिवस का 24 मई को सुबह 9 से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी।

### 31 से लगेंगे पशुओं को टीके

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में पशुओं को गला घोटू बीमारी से बचाने के लिए हेमरैजिक सेप्टिसीमीया (एचएस) वैक्सीन 31 मई से लगाई जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि 4,00,797 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा है। यह बीमारी गर्मियों में कमजोरी के कारण गाय व भैंस में अक्सर होती है। जो जानलेवा भी है। टीकाकरण के लिए ब्लॉकवार टीमें बनाई हैं। जो गांव-गांव निशुल्क टीकाकरण करेंगी। कोई रुपये मांगता है तो सीधे शिकायत करें।

### बड़े मंगल पर भंडारे के लिए लेनी होगी अनुमति

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में बड़े मंगलवार पर सैकड़ों जगह भंडारे और कार्यक्रमों का आयोजन होने हैं। 28 मई को पहला बड़ा मंगल है। भंडारे और कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति के लिए लखनऊ पुलिस की वेबसाइट lucknowpolice.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने लोगों से अपील की है कि कि भंडारे और अन्य कार्यक्रम के लिए अनुमति जरूर ले लें। थाने पर भी जानकारी देनी होगी।

# गाड़ियों का धुआं बढ़ा रहा गर्मी

## हवा में 24 फीसदी अधिक कार्बन मोनोआक्साइड घोल रहे 30 लाख वाहन

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर के बढ़ते तापमान का बड़ा कारण सड़क पर दौड़ने वाले दो पहिया और चार पहिया गाड़ियों का धुआं भी है। लखनऊ की सड़कों पर 30 लाख से अधिक वाहन दौड़ रहे हैं। इन वाहनों में सालाना खपत होने वाला 4 लाख लीटर से ज्यादा ईंधन कार्बन उत्सर्जन कर हवा में जहर घोलने के साथ गर्मी बढ़ा रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार अरोड़ा के मुताबिक शहर में हरियाली बढ़ाकर व कार्बन उत्सर्जन घटाकर बढ़ती गर्मी और प्रदूषण की समस्या से बचा जा सकता है। उनका दावा है कि हरियाली वाले क्षेत्रों में तापमान का स्तर दो से तीन डिग्री तक कम रहता है।

डॉ. नवीन ने बताया कि लखनऊ में अलग-अलग ग्रीन बेल्ट में पारा हर दिन दो से तीन डिग्री तक कम रहता है। उन्होंने बताया कि जिन इलाकों में हरियाली है, वहां एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी बेहतर स्तर पर है। किंतु ट्रैफिक बाहुल्य इलाकों में कार्बन उत्सर्जन की वजह से गर्मी तो बढ़ ही रही है, हवा जहरीली होने से सांस संबंधी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। डॉ. नवीन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए बड़े कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन यहां शासन प्रशासन के पास इस दिशा में कोई ठोस प्लान नहीं है। कार्बन को अवशोषित कर हवा को साफ बनाने वाले बरगद, पीपल, नीम और जामुन जैसे पेड़ों को लगाना होगा। लोकसभा चुनाव में भी किसी पार्टी के एजेंडे में यह गंभीर मुद्दा नहीं है।



राजधानी में सड़क पर दौड़ती स्कूटी से निकलता जहरीला धुआं। अमृत विचार

### साल दर साल बढ़ रहे वाहनों से खतरा

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान (आईआईटीआर) की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक लखनऊ में पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों की संख्या वर्ष 2021-22 में 26 लाख 50 हजार 286 थी। 2022-2023 में बढ़कर 28 लाख 12 हजार 739 पहुंच गई। वर्ष 2024 में अभी तक राजधानी में वाहनों की संख्या 30 लाख के करीब पहुंच चुकी है।

### आईआईटीआर के सर्वे में सामने आए भयावह नतीजे

आईआईटीआर के सर्वे में सामने आया कि वर्ष 2021-22 में 42950 लीटर और 2022-2023 में 47451 लीटर पेट्रोल की खपत से 23.7 फीसदी कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि हुई। 2021 से 2023 तक 384898 लीटर डीजल जलने से 24 फीसदी अधिक कार्बन मोनो आक्साइड हवा में घुल गई।

▸▸ वाहनों में सालाना जलता है 4 लाख लीटर ईंधन



डॉ. नवीन कुमार

| स्थान | एक्यूआई | पीएम 2.5 |
|---|---|---|
| बीबीएयू | 84 | 28 |
| सेंट्रल स्कूल | 78 | 25 |
| चारबाग | 132 | 48 |
| गोमती नगर | 70 | 21 |
| हैबतमऊ मवइया | 97 | 34 |
| कुकरैल पिकनिक स्पॉट | 76 | 24 |
| लालबाग | 91 | 31 |
| निशातगंज | 99 | 35 |

### दो दिनों बाद 44 डिग्री पार कर सकता है पारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेज धूप से दो दिनों तक राहत के आसार हैं, इसके बाद पारा तेजी से चढ़ेगा। मौसम विभाग की ओर से अनुमान लगाया गया है कि दिन का तापमान 44 डिग्री को पार कर सकता है। गर्म हवाएं भी चलने की संभावनाएं हैं। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, गुरुवार को शहर में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। न्यूनतम पारा 28 डिग्री रिकार्ड किया गया। अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। फिर पारे में बढ़ोतरी होगी। तापमान बढ़कर 44 डिग्री को पार कर सकता है। गर्म हवाएं चलेंगी, जिनकी रफ्तार 30-35 किमी प्रति घण्टे रहेगी। बताया कि शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में रात में उमस में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है। वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि अभी लखनऊ और उसके आसपास क्षेत्रों में बारिश के आसार नहीं हैं।

**गुरुवार को चार क्षेत्रों का तापमान**

| क्षेत्र | तापमान |
|---|---|
| कैंट | 36 डिग्री |
| गोमतीनगर | 37 डिग्री |
| कैसरबाग | 37.4 डिग्री |
| चारबाग | 37.8 डिग्री |



**सड़क पर बाजार यातायात बदहाल**

आलमबाग सब्जी मंडी की दुकानें कानपुर रोड पर लगाई जाती हैं। आधी से ज्यादा सड़क पर फल और सब्जी के ठेले खड़े किए जाते हैं। वाहनों का आवागमन बाधित होने से पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इस समस्या की ओर यातायात और थाना पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। अमृत विचार

### अमौसी एयरपोर्ट टर्मिनल-3 ऑस्ट्रेलिया के हाईकमिश्नर को पसंद आया

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर स्थित अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल यात्रियों को खासा पसंद आ रहा है। गुरुवार को भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर ग्रीन फिलिप ओएएम चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। उनकी फ्लाइट नए टर्मिनल टी-3 पर लैंड हुई। नए टर्मिनल की भव्यता ने उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर खुशी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि नमस्ते लखनऊ और नए टर्मिनल के आर्किटेक्चर को इम्प्रेसिव बताया। अमौसी एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि यात्री सुविधाओं के लिहाज से नए टर्मिनल को विकसित किया गया है।

# एयरपोर्ट पर पकड़ा गया 59.43 लाख का सोना

कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार, लखनऊः** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम टीम ने एक तस्कर के पास एक किलो सोना बरामद किया। वह सोने का पेस्ट बनाकर मलाशय में छिपा कर शारजाह से लाया था। कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर तस्कर को हिरासत ले लिया है।

शारजहां से लखनऊ पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) से आए एक यात्री को संदेह के आधार पर कस्टम अधिकारियों ने रोककर पूछताछ की। पूछताछ में तस्कर ने सोना होने की बात कबूल कर ली। तस्कर के शरीर के प्राइवेट पार्ट से 803 ग्राम सोना बरामद किया गया। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक बरामद सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 59.43 लाख रुपये है। एक अप्रैल को 36 लोगों को कस्टम ने संदेह के आधार पर रोका था। इसमें छह तस्कर को पकड़ लिया गया था। बाद में एक महिला सहित 30 तस्कर भाग निकले थे।



गोमतीनगर क्षेत्र में हुसड़िया से पत्रकारपुरम को जोड़ने वाली सड़क के धंसे हिस्से को देखने के लिए लगी भीड़।

# गोमतीनगर में बिजली का केबल डालते समय 50 मीटर सड़क धंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वाहन गुजर रहा होता तो हादसा होने की आशंका थी

▸▸ लेसा के ठेकेदार की लापरवाही से धंसी सड़क

**अमृत विचारः** गोमती नगर विरामखंड में हुसड़िया से पत्रकारपुरम को जोड़ने वाली मुख्य सड़क गुरुवार को बिजली का केबल डालते समय 50 मीटर धंस गई। पेयजल पाइप लाइन भी फट गई। दोपहर 12:15 बजे का वक्त होने से वाहनों का आवागम कम था, अन्यथा हादसा भी हो सकता था।

हुसड़िया से पत्रकारपुरम जाने वाली सिटी बसों के अलावा, निजी, कॉमर्शियल वाहन इसी सड़क से गुजरते हैं। आरईएसएस योजना के तहत लेसा ग्वारी बिजली उपकेन्द्र के लिए अंडर ग्राउंड केबल डाल रहा है। गुरुवार को ड्रिलर मशीन से केबल डालने का काम चल रहा था। इसी दौरान पाइप लाइन फट गई। पानी के साथ मिट्टी बहने लगी और पांच से सात मिनट में सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। डिवाइडर के पास डेढ़ फीट जगह बची है। सड़क धंसते ही लेसा के ठेकेदार और कर्मचारी भाग निकले। सूचना पर नगर आयुक्त डॉ. इन्द्रजीत सिंह और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा पहुंचे। जलकल एक्सईएन ने बताया कि चार इंच की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे जोड़ दिया गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लेसा ठेकेदारों की लापरवाही से कामर्शियल रोड क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सड़क पर ज्यादातर व्यवसायिक दुकानें और कांप्लेक्स हैं। करीब 50 हजार वाहनों का लोड है।

### जलकल ने टूटी पेयजल लाइन जोड़ी

नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि जलकल ने क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत करा दी है। पीडब्ल्यूडी ने सड़क की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, काम पूरा होने में थोड़ा समय लगेगा। रोड कटिंग के लिए लोनिवि को 25 लाख का भुगतान किया जा चुका है। खुदाई के दौरान नीचे से पानी लाइन गुजरने का अंदाजा नहीं था, इससे ड्रिल से पाइप लाइन फट गई।

### विकास नगर में धंसी थी 30 फीट सड़क

इसके पहले भी लखनऊ के विकासनगर सेक्टर- 4 में तेज बारिश के बीच के चलते विकासनगर सेक्टर-चार में 30 फीट चौड़ी सड़क अचानक धंस गई। सड़क में 20 फुट गहरा गड्ढा हो गया। इसमें एक कार भी फंस गई, हालांकि किसी को चोट नहीं आई।

### सिंगल लेन पर दोनों तरफ से ट्रैफिक, जूझे लोग

सड़क धंसने के बाद तुरत बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने ट्रैफिक रोक दिया। वाहनों को उस लेन पर डायवर्ट किया गया, जिससे पत्रकारपुरम से हुसड़िया की ओर वाहन आते हैं। एक ही लेन पर दोनों ओर का ट्रैफिक आने से जाम की स्थिति हो गई। शाम को वाहनों का दबाव बढ़ा तो भीषण जाम लगा। ऐसे में अधिकांश लोगों को हुसड़िया से पत्रकारपुरम के बीच लम्बा रूट का चक्कर काटना पड़ा।

**लापरवाही** पेन्ट्रीकार और प्लेटफार्मों के स्टालों पर चार साल से नहीं लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल

# रेलवे कर रहा यात्रियों की सेहत से खिलवाड़

मंगल सिंह, लखनऊः

**अमृत विचार :** रेलवे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है। प्लेटफार्म के स्टालों और ट्रेनों की पेन्ट्रीकार में बनने वाले खाने-पीने की सामग्री की गुणवत्ता की जांच नहीं कराई जा रही है। इसकी मुख्य वजह रेलवे मंडल लखनऊ में कई साल से फूड सेफ्टी ऑफिसर की तैनाती न होना है। 32 स्वास्थ्य निरीक्षक लगे हैं, लेकिन उन्हें सफाई और अन्य कार्यों से फुरसत नहीं है।

उत्तर रेलवे के सूत्रों के मुताबिक ट्रेनों और प्लेटफार्म के स्टॉल पर खाने-पीने की सामग्री के सैंपल चार साल से नहीं लिए गए हैं। ऐसा तब है जब स्टेशनों, स्टालों और पेन्ट्रीकार में खराब खाना, नाश्ता, पैक्ड सामग्री की 2000 हजार से अधिक शिकायत यात्रियों की ओर से की जा चुकी हैं। भीषण गर्मी में पैक्ड खाद्य पदार्थ जल्दी खराब होने लगे हैं। दही, दूध, छांछ समेत 15 प्रकार के खाद्य पदार्थ एक्सपायरी डेट के बाद भी बेचे जा रहे हैं। पेन्ट्रीकार में 10 दिन से कढ़ाई में रखे तेल से खाना पकाया जा रहा है। दरअसल खाद्य सामग्री की जांच की जिम्मेदारी फूड सेफ्टी अधिकारी की होती है। किंतु रेलवे मंडल लखनऊ में फूड सेफ्टी अधिकारी की तैनाती ही नहीं है। लखनऊ रेल मंडल के 50 स्टेशनों पर आवंटित खाद्य पदार्थों के स्टालों पर खाद्य सामग्री की जांच की जिम्मेदारी भी फूड सेफ्टी अधिकारी की ही जिम्मेदारी है।

### एफएसएसएआई से करानी होती है जांच

पेन्ट्रीकार, स्टाल, कैंटीन में बेचे जाने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) को सैंपल भेजना होता है। प्रति सैंपल रेलवे को 1100 रुपये शुल्क देना होता है। पहले रेलवे की ओर से बाउचर भरकर दिया जाता था, लेकिन चार वर्ष से पैसे का अभाव बताकर रेलवे के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक खान-पान सेवा का सैम्पल ही नहीं रहे हैं। यही वजह है कि पेन्ट्रीकार मैनेजर और स्टाल, कैंटीन संचालक बेखौफ दूषित खाद्य सामग्री बेच रहे हैं।

▸▸ मंडल में चार साल से फूड सेफ्टी अधिकारी की तैनाती नहीं

▸▸ 50 स्टेशनों पर आवंटित हैं खाद्य पदार्थों के स्टाल

> ट्रेनों की पेन्टीकार, रेलवे स्टेशनों पर लगे स्टालों पर खाद्य पदार्थ की सैंपल लेने की जानकारी मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो इसको चेक कराकर संबंधित अधिकारी को जांच करने के लिए निर्देश दिये जायेंगे। पैसे की अभाव की बात नहीं है।
>
> –एस एम शर्मा, डीआरएम उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल।



पेन्ट्रीकार में भोजन तैयार करते बावर्ची। अमृत विचार

### यह है नियम

रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के मुताबिक जिन स्टेशनों पर पांच फूड स्टाल हैं, वहां हर तीन या छह माह में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच होना जरूरी है। इसके बावजूद खाद्य पदार्थ के सैंपल नहीं भरे जा रहे हैं।

# लखनऊ – छपरा रेलखंड पर बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

## तीसरी लाइन के लिए हिस्सों में सर्वे और पटरी बिछाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता

▸▸ डोमिनगढ़, नकहा, कैंट स्टेशनों पर नहीं रोकी जाएंगी ट्रेनें

▸▸ कैंट से कुसम्ही 11 किमी लाइन बिछाकर हुआ ट्रायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में वाया बाराबंकी, गोरखपुर छपरा तक की तीसरी रेल लाइन पर काम शुरू हो गया है। कुछ हिस्सों में सर्वे चल रहा है तो कुछ में पटरियां बिछाई जाने लगी हैं। इस लाइन के बनने के बाद लखनऊ से गोरखपुर के रास्ते बिहार जाने वाली ट्रेनें डोमिनगढ़, नकहा और कैंट स्टेशनों पर नहीं रोकी जाएंगी। मालगाड़ियां भी बिना रुके चलेंगी।

तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों की रफ्तार के साथ संख्या भी बढ़ जाएगी। कैंट से कुसम्ही तक 11 किमी दूरी पर तीसरी लाइन बिछाकर ट्रायल भी हो चुका है। छपरा से देवरिया तक सर्वे चल रहा है। खलीलाबाद से बैतालपुर तक 85 किमी लाइन के लिए भी सर्वे किया जा रहा है। इसका बजट जारी हो चुका है। गोंडा से बुढ़वल के बीच भी तीसरी लाइन बिछ रही है।

### डीआरएम ने लखनऊ-सुलतानपुर रेलखंड का किया निरीक्षण

लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एस एम शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ-सुलतानुपर और श्रीकृष्ण नगर रेलखंड का निरीक्षण किया। उन्होंने बलास्ट क्लीनिंग मशीन, टाई टेम्पिंग मशीन और डीजीएस मशीनों का रखरखाव देखा। डीआरएम ने इन मशीनों का प्रयोग गिट्टी की पैकिंग, पटरियों के रखरखाव और ट्रैकों की उचित देखभाल कर ट्रैक संरक्षा बेहतर करने के लिए किया जाता है। डीआरएम ने ट्रैक मैनों के साथ बात कर उनकी कार्यप्रणाली जानी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि निरीक्षण में भीषण गर्मी से ट्रैक में आने वाले बदलावों के प्रति अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने और ट्रैकों की निगरानी और उचित मरम्मत के साथ रखरखाव करने पर विशेष जोर दिया है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,

9839163047 / 9956384848



राजधानी के मरीन ड्राइव पर स्थित बुद्ध प्रतिमा के पास दिखता पूर्णिमा का चांद। अमृत विचार

# वर्तमान दौर में बुद्ध की सबसे ज्यादा जरूरत

## बुद्ध पूर्णिमा पर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति भी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग और बौद्ध शोध संस्थान ने संयुक्त रूप से बुद्ध पूर्णिमा पर परिचर्चा और प्रतियोगिता का आयोजन किया। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति मुकेश मेश्राम को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

इस आयोजन में युद्ध नहीं बुद्ध विषयक परिचर्चा के जरिये वर्तमान दौर में बुद्ध की सबसे ज्यादा जरूरत बताई है। बुद्ध ने शांति का रास्ता दिखाया था। बुद्ध ने जीवन का सत्य बताया था। नव नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार से आये प्रो. यू एस व्यास, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, त्रिपुरा के प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद और विद्यारत्न विश्वविद्यालय, श्रीलंका के डॉ. बेन जूल्म्पीटिए पुण्यासार ने गौतम बुद्ध के जीवन दर्शन पर बहुत विस्तार से चर्चा की।

वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध से जुड़े छह प्रमुख स्थल हैं। सिद्धार्थनगर में कपिलवस्तु उस जगह का नाम है, जहां सिद्धार्थ गौतम ने जिन्दगी के शुरुआती 29 साल गुजारे। इसी स्थान पर बुद्ध ने बीमार, सन्यासी और शव को देखा और उद्वेलित हुए। इसी के बाद उन्होंने राजमहल त्यागकर सत्य की खोज में निकलने का फैसला किया। कुशीनगर में बुद्ध ने अपनी देह को त्याग दिया।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में वर्तमान समय में विश्व में बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता और भगवान बुद्ध की जीवन यात्रा से सम्बंधित उत्तर प्रदेश के बौद्ध तीर्थस्थल विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम।



अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में लगी प्रदर्शनी देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

# बुद्ध ने पीड़ा से बचने का रास्ता बताया : स्वामी मुक्तिनाथानंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ रामकृष्ण मठ में हर्षोल्लास से मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव**

**अमृत विचार :** निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि बुद्ध बुद्धि से ऊपर हैं। बुद्ध उनका नाम नहीं था, वह तो गौतम सिद्धार्थ थे। वह जागृत इंसान थे। उन्होंने अस्तित्व की वास्तविकता को देखा। उन्होंने दुनिया को सिखाया कि जीवन में पीड़ा से कैसे बचा जा सकता है।

रामकृष्ण मठ में बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल आरती से हुई। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण पूर्णिमाओं में से एक वैशाख पूर्णिमा है, जिसे बुद्ध पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने अपने प्रवचन में कहा कि ईश्वर के साक्षात अवतार बुद्ध के आगमन का मुख्य उद्देश्य मानव के अन्दर में सुप्त देवत्व गुण जगाना था। उन्होंने कहा कि ईश्वर मनुष्य शरीर धारण करते हैं ताकि मनुष्य ईश्वर जैसा बन सके। हिंदू धर्म में बुद्ध को विष्णु का नौवां अवतार माना जाता है।

बुद्ध का जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था, जो कोलीय वंश से थीं। जिनका इनके जन्म के सात दिन बाद निधन हो गया था। उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापति गौतमी ने किया। शिशु का नाम सिद्धार्थ दिया गया, जिसका अर्थ है वह जो सिद्धी प्राप्ति के लिए जन्मा है। स्वामी जी ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा कंबोडिया, जापान, चीन, इंडोनेशिया, कोरिया, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, फिलीपींस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका समेत अन्य देशों में अलग-अलग तरीकों से मनाई जाती है।

# बुद्ध का दिखाया रास्ता ही शांति का : मुरलीधर

**अमृत विचार , लखनऊ :** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया ने रिसालदार पार्क में प्रार्थना सभा की और विश्व एकता व विश्व शांति का उद्घोष किया। इस मौके पर सिटी मांटेसरी स्कूल की संस्थापिका व निदेशक डॉ. भारती गांधी को सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने सोसाइटी की मानद सदस्यता से सम्मानित किया।

प्रार्थना सभा में बौद्ध समाज के लोगों के अलावा मुरलीधर आहूजा, अब्दुल वहीद, अजीज सिद्दीकी आदि

**▸▸ सीएमएस की संस्थापिका भारती गांधी मानद सदस्यता से सम्मानित**

मौजूद रहे। इस मौके मुरलीधर आहूजा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में अशांति फैली हुई है। यूक्रेन-रूस, ईरान-इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध ने बड़ी संख्या में लोगों की जानें ली हैं। ऐसे हालात में सिर्फ बुद्ध का दिखाया रास्ता ही शांति का रास्ता है।

भंते ज्ञानलोक ने धम्मपद को उद्धृत करते हुए सभी इंसानों के मंगल की कामना की।



रिसालदार पार्क में शिक्षाविद् और समाजसेवी किए गए सम्मानित।



बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मनकामेश्वर उपवन घाट पर गोमती की आरती करतीं मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्यागिरी। अमृत विचार

# सात मंचों से हुई मां गोमती की महाआरती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा पर मां गोमती की महाआरती का आयोजन किया गया। महासभा की ओर से प्रत्येक पूर्णिमा पर होने वाली गोमती आरती का यह 125वां आयोजन था।

हरिद्वार में गंगा तट पर होने वाली आरती की तर्ज पर स्वामी आनंद नारायण, स्वामी कौशिक चैतन्य और देवेन्द्र शुक्ल के मार्गदर्शन में सात मंचों से मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि और शंखनाद के साथ महाआरती की गई। महाआरती के दौरान मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे व शंख का प्रयोग किया गया।

सनातन महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पहले बच्चों ने विभिन्न देवताओं का रूप धरकर गणेश वंदना में भाग लिया। इस अवसर पर झूलेलाल घाट पर 501 दीपक जलाए गए। महासभा के सचिव देवेन्द्र शुक्ल व डॉ. आहुति वाजपेयी ने लखनऊ को तम्बाकू मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर सनातन महासभा के 21 पदाधिकारियों को गंगाजल व कृपाण देकर धर्म विस्तार का संकल्प दिलाया गया।

# भाजपा ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला

## अटल चौक पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति से की बर्खास्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को हजतरगंज के अटल चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदर्शन करके पुतला फूंका।

एमएलसी रामचंद्र प्रधान के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति से ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग की। भाजपा एमएलसी ने कहा कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में मनमानी कर रही हैं। उन्होंने ममता पर हाईकोर्ट के अपमान का आरोप लगाया और कहा कि देश में आरक्षण आर्थिक और सामाजिक स्थिति के आधार पर दिया जाता है। ममता बनर्जी धर्म विशेष के लोगों में आरक्षण बांटना चाह रही हैं।

2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश पर ममता बनर्जी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैं हाईकोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं करती हूं और इसे चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के आदेश को स्वीकार नहीं करेंगे, ओबीसी आरक्षण जारी रहेगा।



अटल चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

# बुद्ध ने विश्व को दिया शांति का संदेश : वेदव्रत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम स्थित देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कालेज के प्रबंधक और कवि वेद व्रत वाजपेयी ने बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कहा कि बुद्ध ने अपने ज्ञान और विवेक से सम्पूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा, शांति और मानव धर्म का सन्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बुद्ध ने हमें मानवता और परस्पर सद्भाव के पथ पर निरंतर चलने को प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष साधना वाजपेयी, रेखा मिश्रा, प्रधानाचार्य जयव्रत वाजपेयी, पारुल मिश्रा, सुशीला परिहार, संतोष सिंह और कांति सिंह की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# सीमा विवाद में फंसे गांवों का होगा कायाकल्प

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित ऐसे गांवों का चयन कर सूची तलब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम और नगर पालिका सीमा के पेंच में फंसे पेरीअर्बन (शहर से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्र) गांवों के विकास की तैयारियां नये सिरे से शुरू की जा रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) निदेशालय ने इनके विकास के लिए खाका खींचा है। प्रदेश में उपेक्षित पड़े ऐसे गांवों का चयन कर इनकी सूची मांगी गई है।

नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत का क्षेत्र बढ़ने से आसपास के गांव शहरी क्षेत्र में आ गए हैं। इससे इन गांवों में विकास कार्य बाधित है। एक दो गांव नहीं इनकी संख्या सैकड़ों में है। नगर निगम हो या फिर नगर पालिका अथवा ग्राम पंचायतें, सभी ने इस ओर से आंख मूंद रखी हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में गांव विकास कार्यों से वंचित हैं।

इनमें सड़क, पानी, नाली, बिजली, सीवर, अपशिष्ट प्रबंधन आदि का अभाव है। अब इन गांवों के विकास का जिम्मा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय ने उठाया है। इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ओर से गांवों का चयन करने को कहा गया है। मिशन निदेशक राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारियों से पेरीअर्बन गांव का पूरा सिजरा मांगा है।

**ये गांव होंगे चयनित**

- नगर निगम की सीमा से 5 किमी व नगर पालिका की सीमा से 3 किमी परिधि वाले गांव इसमें चयनित किए जाएंगे।
- दोनों जगह व्यावसायिक गतिविधियां हो सकें, इसके भी इंतजाम किए जाएंगे।
- वहीं नगर पंचायत की सीमा में आने वाले वे गांव ही शामिल किए जाएंगे जो एक किमी परिधि के दायरे में आएंगे।
- यही नहीं ऐसे गांव भी चयनित किए जाएंगे, जो मानक में नहीं आते लेकिन उनका स्वरूप शहरी है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर पिलाया शीतल जल और शर्बत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुद्ध पूर्णिमा पर गुरुवार को गौतम बुद्ध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में राजधानी के विभिन्न स्थानों पर शीतल जल और शर्बत वितरित किया।

शीतल जल और शर्बत वितरण कार्यक्रम की शुरुआत आलमबाग चौराहे पर सोमिल कुशवाहा ने गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की। कार्यक्रम राजधानी के आलमबाग, तेलीबाग, सरोजनी नगर और बिजनौर में हुआ। इस अवसर पर गौतम बुद्ध ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रबंधक आरएस कुशवाहा, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अमित श्रीवास्तव, अलका बोस सहित महाविद्यालय के छात्रों, संकाय अध्यक्षों व सदस्यों ने लोगों में जल और शर्बत का वितरण किया।

**उदासीनता** | उज्ज्वला योजना आने के बाद 2019 में बढ़ा था मतदान प्रतिशत

# इस बार महिलाओं ने मतदान में नहीं दिखाई दिलचस्पी

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम के तेवर कहें या फिर मतदान को लेकर इस बार महिला वोटर की कम रही दिलचस्पी। वजह चाहे जो भी रही हो, मगर महिलाएं अपने पिछले मतदान प्रतिशत से आगे नहीं निकल पाईं। लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में महिला वोटर का कम रुझान आंकड़ों में अपना पुराना दमखम बरकरार नहीं रख सका।

वर्ष 2014 में लखनऊ लोकसभा सीट को देखा जाए तो उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 50 और पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 54 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। शेष विधानसभा क्षेत्र 50 प्रतिशत का आंकड़ा भी नहीं छू सके। मोहनलालगंज लोकसभा सीट के मलिहाबाद क्षेत्र में 59, बीकेटी में 56 तो सरोजनीनगर में 50 प्रतिशत मतदान हुआ। केंद्र में सत्ता परिवर्तन होने के बाद महिलाओं के लिए काम हुए और घोषणाएं धरातल पर दिखीं तो लगा कि 2019 में मत प्रतिशत बढ़ेगा। लेकिन वोट प्रतिशत में अपेक्षानुरूप सुधार नहीं दिखा।



**लखनऊ सीट पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत में**

| विधानसभा क्षेत्र | वर्ष 2014 | वर्ष 2019 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|---|
| पश्चिम | 48.01 | 52.94 | 52.29 |
| उत्तर | 50.84 | 54.06 | 49.83 |
| पूर्वी | 54.53 | 54.81 | 50.84 |
| मध्य | 49.29 | 51.58 | 50.11 |
| कैंट | 47.26 | 49.74 | 47.50 |

**मोहनलालगंज सीट पर महिलाओं का मतदान प्रतिशत में**

| विधानसभा क्षेत्र | वर्ष 2014 | वर्ष 2019 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|---|
| मलिहाबाद | 59.62 | 62.83 | 62.57 |
| बक्शी का तालाब | 56.64 | 62.98 | 63.52 |
| सरोजनीनगर | 50.63 | 53.34 | 52.38 |
| मोहनलालगंज | 47.57 | 59.44 | 62.37 |
| सिधौली | -- | -- | 64.97 |

**तीन विधानसभा क्षेत्रों में एक भी ट्रांसजेंडर ने नहीं डाला वोट**

दोनों लोकसभा सीट और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए हुए 20 मई को मतदान हुआ। सरोजनीनगर में 19, पूर्वी में 15 और मध्य में 9 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में एक भी ट्रांसजेंडर ने वोट नहीं डाला।

# शांतिपूर्ण मतदान के बाद अब मतगणना की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कर्मियों की नियुक्ति कर दिया जाएगा मतगणना का प्रशिक्षण**

**▸▸ 4 जून को रमाबाई रैली स्थल पर होगी मतगणना**

**अमृत विचार :** लखनऊ व मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट पर मतदान होने के बाद अब शनिवार से मतगणना की तैयारी होगी। चार जून को रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना होगी।

इन सीटों 20 मई को मतदान हुआ था। 21 मई को मतदान की स्क्रूटनी की गई थी। 25 को कलेक्ट्रेट में रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत मतगणना में लगने वाले कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी। जबकि 29 मई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मतगणना के लिए कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक जून को मतगणना अभिकर्ताओं को परिचय पत्र जारी किया जाएगा। तीन जून को दूसरा रेंडमाइजेशन होगा और कर्मियों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चार जून को रमाबाई रैली स्थल पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी।




रमाबाई रैली स्थल पर स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा में तैनात जवान। अमृत विचार

## एक नजर

### एसडीओ के विरुद्ध मुकदमे की अर्जी दाखिल

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** शिवपुरी पावर हाउस, चिनहट में तैनात एसडीओ मनोज कुमार पुष्कर के विरुद्ध अदालत में मुकदमे की एक अर्जी दाखिल की गई है। अदालत ने इस अर्जी पर थाना चिनहट से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 30 मई को होगी। जय प्रकाश यादव की ओर से दाखिल इस अर्जी में एसडीओ पर अपने सरकारी पद का दुरुपयोग करने व अविधिक कार्यों में लिप्त रहने का कथित आरोप लगाया गया है। उनकी इस अर्जी पर वकील वीर बहादुर श्रीवास्तव ने बहस की। उन्होंने इस मामले में एसडीओ मनोज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की। यह भी आरोप है कि एसडीओ मनोज ने शिकायतकर्ता को जानमाल की धमकी भी दी है।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, बीकेटी :** इटौंजा पुलिस ने घर में घुस कर महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 17 मई को वह घर में सो रही थी। रात करीब 11.30 बजे गांव निवासी शनि मकान के पीछे दीवार से घर में घुसा और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता का कहना है कि समाज में बदनामी के डर से वह चुप रही। अब आरोपी मिलने का दबाव बना रहा है। इससे वह परेशान है। पुलिस ने मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

### नशीला पदार्थ पिला जेवर और नकदी उड़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौतमपल्ली थानाक्षेत्र के लेबुआ होटल में ठहरे व्यक्ति को उसके ही परिचित के चालक ने पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर बेसुध कर दिया। इसके बाद उसके पास से 50 हजार रुपये और लाखों के जेवरात साफ कर दिए। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की। इसके 13 दिन बाद गौतमपल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। गौतमबुद्धनगर निवासी आकाश शर्मा 2 अप्रैल को लखनऊ व्यक्तिगत काम से आए थे। वह गौतमपल्ली इलाके में स्थित लेबुआ होटल के कमरा नंबर 114 में ठहरे थे। आकाश के मुताबिक उनके परिचित राजन श्रीवास्तव का चालक जौनपुर निवासी दिव्यम सिंह उर्फ नितिन उसी रात मिलने पहुंचा और पानी में नशीला पदार्थ मिलकर आकाश को दे दिया। पानी पीने के बाद वह बेहोश हो गए। इसके बाद नितिन पीड़ित के 50 हजार रुपये, 120 ग्राम सोने के जेवर और 20 लाख रुपये कीमत की दो हीरे की अंगूठी लेकर भाग निकला।

# मां के सामने बेटे को ईंट से कूचकर मार डाला

## मोहल्ले में हो रही पार्टी में हुआ था युवकों से विवाद, कैंट थाना क्षेत्र निलमथा के भगवंतनगर में वारदात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हमलावर बेटे को मां की आंखों के सामने ईंट से कूचते रहे। मां मरणासन्न बेटे पर रहम करने मिन्नतें करती रही, लेकिन आरोपियों को दिल नहीं पसीजा और न ही आसपास मूक दर्शक बन खड़े लोग बचाने आये। इसके चलते हत्या कर हमलावर फरार हो गये। यह हत्याकांड बुधवार रात कैंट थाना क्षेत्र में हुआ। फिलहाल पुलिस ने एक को नामजद करते हुए उसके कई साथियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें से दो को देर रात पकड़ लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, थाना अंतर्गत निलमथा के मोहल्ला भगवंत नगर निवासी सचिन प्रकाश पुत्र चंद्र प्रकाश ने प्रार्थना-पत्र दिया है। उसका कहना है कि बुधवार रात मोहल्ला निवासी मोनू बोस की बर्थ डे पार्टी में छोटे भाई नितिन (30) के साथ शामिल होने गया था। मोनू का घर कुछ दूरी पर है। पार्टी में दुर्गापुरी निवासी रितिक भी अपने साथियों के साथ मौजूद था। सचिन के मुताबिक उसके परिवार की रितिक से रंजिश चल रही है। रितिक बिना वजह नितिन से गाली-गलौज करने लगा। भाई ने विरोध किया तो आरोपियों ने घेरकर पीटना शुरू कर दिया। सचिन बचाने पहुंचा तो कुछ आरोपियों ने उसे भी पकड़ लिया। इस बीच नितिन जान बचाने के लिए चीखते हुये घर की तरफ भागा। लेकिन कुछ दूर पर ही रितिक व साथियों ने गिराकर ईंट से कूचना शुरू कर दिया। इस बीच चीख सुन मां ऊषा के अलावा आसपास भीड़ जुट गई। मां हमलावरों से बेटे को छोड़ने मिन्नतें करती रही, लेकिन वह नहीं माने। अन्य किसी ने भी उसे बचाने का प्रयास नहीं किया। इससे नितिन की मौत हो गयी। वारदात अंजाम देकर आरोपी भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर कैंट गुरुप्रीत कौर ने बताया रितिक व उसके साथियों पर हत्या का मामला दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।



घटना की जानकारी देतीं मां ऊषा, भाई विपिन व अन्य परिजन। अमृत विचार

### भाइयों में दूसरे नंबर पर था



नितिन तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिवार में मां ऊषा व पिता के अलावा एक बहन है। मां ऊषा के मुताबिक नितिन राजधानी अस्पताल में सफाई कर्मी का काम करता था। तीन माह पहले उसने वहां काम करना बंद कर दिया था। अब वह इधर-उधर मजदूरी करता था।

### तीन माह पहले पत्नी को मुंह बोला भाई ले गया

मां ऊषा ने बताया कि मोहल्ला निवासी युवती से नितिन की तीन वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी का मुंहबोला भाई अक्सर उससे मिलने आता था। इस पर नितिन ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद पत्नी उससे बिना वजह विवाद करने लगी थी। तीन माह पहले उसकी पत्नी को मुंह बोला भाई ले गया था।

### हत्या में पत्नी व मुंहबोले भाई के शामिल होने का आरोप

पीड़िता ऊषा ने साजिश रचकर बेटे नितिन की हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है साजिश में रितिक के अलावा मुंहबोला भाई और बहू भी शामिल है। तीन दिन पहले बहू व उसके भाई ने नितिन को जान माल की धमकी दी थी। इसकी मौखिक में शिकायत थाने में की थी।

### पार्टी में पत्नी के जाने पर कमेंट कर उकसाया

पार्टी में मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावरों ने नितिन की पत्नी को लेकर कमेंट किया था। इसी के चलते दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर आरोपी वारदात अंजाम देकर फरार हो गये। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। पार्टी में शामिल कुछ लोगों से भी पूछताछ की गई है।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ माल थाना क्षेत्र के मुसरिहनखेड़ा का मामला

**अमृत विचार :** माल थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

थाना क्षेत्र के मुसरिहनखेड़ा निवासी ससेन्द्र कुमार यादव (33) बुधवार देर शाम अपाचे बाइक से पड़ोसी गांव गौरैया जा रहे थे। माल दुबग्गा रोड पर पतौना मोड़ नावेल स्कूल के पास पीछे आये अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह बाइक समेत उछल कर सड़क के दूसरे छोर पर जा गिरा। सिर में गम्भीर चोटें आईं।

राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे स्थानीय सीएचसी ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रार्थना-पत्र दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से वाहन का पता लगा रही है।

ससेन्द्र घटना के समय हेलमेट नहीं पहने थे। उनके परिवार में पिता मुन्नूलाल यादव, मां सरस्वती और छोटा भाई राहुल यादव है।

### बाइक सवार को पिकअप ने रौंदा, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पराग डेयरी के पास गुरुवार को ई-रिक्शा की टक्कर से सड़क पर गिरे बाइक सवार को पिकअप ने रौंद दिया। जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के मुताबिक, ठाकुरगंज के मोहनी का पुरवा निवासी रंजीत वर्मा (36) साड़ी बनाने का काम करता था। बुधवार शाम साथी रचित के साथ बाइक से गोसाईंगंज के मकनपुर स्थित परिचित के यहां गया था। गुरुवार सुबह घर लौटते समय बाइक रंजीत चला रहा था। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में पराग डेयरी के पास पास पहुंचे थे, पीछे से आए ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आये पिकअप ने रंजीत को रौंद दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई, जबकि रचित गंभीर घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर रचित को अस्पताल भेजा।

# चुनाव की ट्रेनिंग से लौट रही प्रधानाध्यापिका की चेन लूटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हुसैनगंज इलाके में दिन दहाड़े प्रधानाध्यापिका से चेन लूट हुई। वारदात के समय वह चुनाव की ट्रेनिंग कर वापस घर जा रहीं थी। बुधवार को पीड़िता पति के साथ हुसैनगंज कोतवाली पहुंची और एफआईआर दर्ज कराई।

पीजीआई के वृंदावन योजना निवासी सुषमा अस्थाना प्रधानाध्यापिका हैं। 13 मई को वह हुसैनगंज स्थित जय नारायण इंटर कॉलेज चुनाव की ट्रेनिंग के लिए गई थीं। दोपहर 1 बजे ट्रेनिंग खत्म होने के बाद कॉलेज के बाहर निकलीं, एक लुटेरे ने पीछे से उनके गले से सोने की चेन लूट ली। सुषमा ने मदद के लिए शोर भी मचाया पर लोगों के जुटने से पहले वह भाग निकला। सुषमा के पति अरुण चंद्र ने बुधवार को हुसैनगंज थाने में लूट का एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरे के बारे में पता लगा रही है।

### किसान को पीटकर 10 हजार लूट बाइक सवार भागे

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** महिगवा थाना क्षेत्र में सब्जी बेचकर लौट रहे किसान से रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने मारपीट कर 10 हजार रुपये लूट लिये। पीड़ित ने दो नामजद समेत तीन के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र के भैंसी गांव निवासी किसान मोनू गुरुवार को लखनऊ स्थित मंडी में सब्जी बेचने गया था। वहां से दोपहर करीब 2 बजे बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में परसऊ व सिंहपुर के बीच इंद्रप्रस्थ के सामने सरसवां निवासी एक बाइक पर सवार दिवाकर, गोविंद व एक अज्ञात ने उसे जबरन रोक लिया। आरोप है कि विरोध करने पर तीनों ने मारपीट कर 10 हजार रुपये लूट लिये। शोर मचाने पर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान बचाने दौड़े तो आरोपी भाग निकले। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत थाने पर दी है। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### संदिग्ध हालात में भांग के ठेके के सेल्समैन की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में भांग के ठेके पर काम करने वाले सेल्समैन का बुधवार देर शाम हालत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। इंस्पेक्टर संजय सिंह के मुताबिक, कोतवाली अंतर्गत बाराबिरवा स्थित मानसरोवर मार्केट में अशोक जायसवाल की सरकारी भांग के ठेके की दुकान है। रायबरेली जनपद के लालगंज थाना अंतर्गत बैसवारा निवासी सेल्समैन अंजनी शुक्ला (33) समेत तीन लोग सेल्समैन का काम करते हैं। बुधवार शाम करीब 6 बजे अंजनी की भांग खाने के बाद हालत बिगड़ गई। दो अन्य सेल्समैन ने आनन-फानन उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर ने बताया परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है और न ही कोई आरोप लगाया गया है।

# तलवार व बम से हमला, भाग कर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दूसरे के प्लाट पर कब्जा करने पहुंचे थे हमलावर

▸▸ दुबग्गा के बेगरिया गांव की घटना, गिराई प्लाट की बाउंड्री

**अमृत विचार :** दुबग्गा क्षेत्र में प्लाट की बाउंड्री कराने वालों से अपना प्लाट बताते हुये कुछ लोगों ने बाउंड्री गिरा दी। विरोध पर आरोपियों ने तलवार व देशी बम से हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने भाग कर जान बचाई। मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत कई अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज के अलमास सिटी निवासी तकइया बानो ने वर्ष 2018 में बेगरिया में प्लाट खरीदा था। बुधवार सुबह मजदूरों से प्लाट की बाउंड्री करा कर शाम करीब 4 बजे चली गईं थी। तकइया शाम को उसी प्लाट को बेचने के लिए दो देवर जीसान रिजवी व रिजवान को दिखाने पहुंचीं थी। इतने में गांव के नंदलाल व सुकुरु करीब



आधा दर्जन साथियों के साथ तलवार व देशी बम लेकर पहुंचे। प्लाट अपना बताते हुए बाउंड्री गिरा दी। विरोध करने पर तलवार लेकर दौड़ाते हुये देशी बम से हमला कर दिया। हमले में बाइक की सीट व शीशा जल गया। घटना का सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवक तलवार लेकर लोगों को दौड़ाते हुए व हथगोले मारते दिखाई दे रहा है। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा ने बताया कि पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर सुजीत, नंदलाल, सुकरू समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### लगाया आरोप, पुलिस ने डांट कर भगा दिया

तकइया का आरोप है कि दोनों देवरों के साथ जान बचाकर भागी और सूचना पुलिस को दी। तो पुलिस ने उल्टा उन्हें ही डांट कर थाने से भगा दिया। इससे डरकर गुरुवार को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया नंदलाल अपने साथियों के साथ मिलकर खाली पड़े प्लाटों पर कब्जा कर रंगदारी वसूलता है। इसके खिलाफ दुबग्गा थाने में कई मामले दर्ज हैं।

# टिकट घोटाले में महिला क्लर्क की भूमिका आयी सामने, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 29 जुलाई 2023 को मैन्युअल टिकट की 10 गड्डियां हुई थी गायब

▸▸ पहले भी तीन कर्मचारियों पर हो चुकी है कार्रवाई

▸▸ महिला कर्मी नीता चौधरी को आरोप पत्र देकर बाराबंकी के एआरएम को दी गई जांच

**अमृत विचार :** अवध बस डिपो में टिकट घोटाले में नए-नए नाम उजागर हो रहे हैं। इसी क्रम में एक और महिला बुकिंग क्लर्क की भूमिका सामने आने पर निलंबित कर दिया है। इस मामले में महिला कर्मी नीता चौधरी को आरोप पत्र देते हुए इसकी जांच अधिकारी बाराबंकी के एआरएम को नामित किया है। इस पूरे मामले की जांच परिवहन निगम मुख्यालय के मुख्य प्रधान प्रबंधक (प्रशासन) राम सिंह वर्मा की ओर से की गई थी, जिसकी तीन पन्ने की जांच रिपोर्ट के आधार पर क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी की ओर से जांच अधिकारी नामित कर निलंबन आदेश जारी किया है।

29 जुलाई 2023 को मैन्युअल टिकट की 10 गड्डियां गायब होने का खुलासा हुआ था। तत्काल जांच कर तीन कर्मियों को निलंबित भी कर दिया गया है। जांच आगे बढ़ी तो संविदा पर तैनात कंडक्टर और लेखाकार पर कार्रवाई कर दी गई। अब तक इस मामले में एक संविदा कर्मी सहित छह लोगों पर कार्रवाई की गई है। स्टेशन प्रभारी के दोषी होने के बाद मामले को ठंडे बस्ते में डालकर निर्दोष पर लगातार कार्रवाई करते रहे। जबकि इस मामले में अवध डिपो का नियमित कर्मचारी छह माह से फरार है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच अभी भी कराई जा रही है।

सीजीएम के जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई हुई है। महिला लिपिक पर घटना को छिपाये रखने के संबंध में आरोप पत्र दिए गए हैं। बाराबंकी के एआरएम को जांच सौंपी गई है।

–आरके त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ रीजन

### निर्दोष बस परिचालक पर गिर गई गाज

जिस एसी जनरथ बस में महिला को फर्जी टिकट देने का मामला सामने आया था। उसमें तैनात संविदा परिचालक योगेंद्र मिश्रा की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। इस मामले में महिला को नोटिस के बावजूद नहीं आने पर दोषमुक्त कर दिया गया। बावजूद बस कंडक्टर की जांच पूरी होने के पहले ही संविदा की नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया।

### यात्रियों को नहीं मिलती राहत

रजिस्टर में बगैर एंट्री यात्रियों को मिलने वाला टिकट फर्जी होता है। ऐसे में बस से किसी घटना होने पर यात्रियों को राहत नहीं मिलती। बस में सवार सभी यात्री बेटिकट माने जाते हैं। जांच में यात्रियों को आर्थिक या अन्य मदद के लिए परेशान होना पड़ता।

### विधि छात्र की कार पर फायरिंग करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट पुलिस ने विधि छात्र सतपाल की कार पर फायरिंग करने वाले चार आरोपितों को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। चारों के पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में देवरिया के भटनी निवासी हर्ष राय, अमित यादव, अभिषेक यादव और अमितेष यादव शामिल हैं। चारों ने हिस्ट्रीशीटर नितिन कुंडी के साथ मिलकर रविवार देर रात सतपाल की कार पर कई राउंड फायरिंग की थी। हमले में सतपाल व उनकी पत्नी बाल बाल बचे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वसूली और इलाके में वर्चस्व बनाने के लिये वारदात अंजाम दी थी। बता दें बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में नितिन घायल हो गया था। उसे लोहिया संस्थान में भर्ती कराया था। हालात सुधरने पर उसे जेल भेजा जाएगा। एसीपी ने बताया कि नितिन समेत सभी आरोपी बीबीडी और ला कालेज से पढ़ाई पूरी कर चुके हैं।

# खराब हुई रोडवेज बस, यात्रियों ने चालक का फोड़ दिया सिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ड्राइवर ने इस घटना की सूचना ड्यूटी रूम में दी, स्टेशन इंचार्ज ने कराया मेडिकल

**अमृत विचार :** कैसरबाग बस अड्डे से बहराइच जा रही रोडवेज बस गुरुवार को सफेदाबाद के पहले बीच सड़क पर खराब हो गई। काफी देर बाद बस सही नहीं होने पर बस में सवार यात्री अपना दूसरी बस की मांग करने के साथ अपना किराया वापस करने की जिद पर अड़ गये। इसी बीच कुछ लोगों ने ड्राइवर से भी विवाद शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर कुछ लोगों ने ड्राइवर का सिर फोड़ दिया। मारपीट की सूचना पर पुलिस पहुंची, तब तक हमलावर भाग निकले। ड्राइवर ने इस घटना की सूचना ड्यूटी रूम में दी। स्टेशन इंचार्ज ने ड्राइवर का मेडिकल कराया है।

गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे कैसरबाग बस अड्डे से बहराइच के लिए बस संख्या यूपी 41 एटी 3546 रवाना हुई। चालक कैलाश यादव और परिचालक प्रेमचंद सवार थे। अवध बस अड्डे से आगे और सफेदाबाद के पहले बीच सड़क पर बस खराब हो गई। कुछ यात्री पैसे वापस मांगने लगे तो कंडक्टर ने 20-25 को टिकट के पैसे वापस कर दिए। इनमें पांच यात्री बहराइच के थे।

### पैसा लौटाओ या खाली बस में भेजो

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यात्री जबरदस्ती करने लगे और कहने लगे कि मुझे पूरा पैसा वापस करो या खाली बस में बिठाकर भेजो। ड्राइवर ने कहा कि पीछे से आ रही सभी बसें भरी हैं। थोड़ा इंतजार करो, बस रुकवाकर बैठा देंगे। इस बीच यात्री ड्राइवर से झगड़ने लगे, विरोध पर ड्राइवर कैलाश यादव से विवाद हो गया। यात्रियों ने चालक से मारपीट शुरू कर दी। उसमें उनका सिर फट गया। खून से लथपथ चालक ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचा दी। पुलिस के पहुंचने से पहले मारपीट करने वाले लोग फरार हो चुके थे।

## सार-संक्षेप

### पार्ट टाइम जॉब का झांसा दे ठगे 3.55 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर युवक से 3.55 लाख रुपये ठग लिए। टेलीग्राम पर विज्ञापन देकर कई टास्क के नाम यह ठगी की। प्रभारी निरीक्षक गुडंबा नीतिश कुमार के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। कल्याणपुर स्थित कंचना विहारी मार्ग इलाके में अभिषेक मौर्य परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर फोन करने वाली महिला ने यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने का काम बता प्रति टास्क पर 50 रुपए मिलने का झांसा दिया। फिर एक टेलीग्राम का लिंक भेज ग्रुप पर जोड़ा। इसके बाद जालसाज ने पैड टास्क बताकर कई बार में 3.55 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित ने रुपए मांगे तो बताया कि आपने टास्क में गलती करने की बात कही। रकम वापसी के लिए तीन लाख का एक और टास्क करना होगा। रुपये न होने की बात कही तो ब्लॉक कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### तीन तलाक की धमकी देकर महिला को घर से निकाला

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा क्षेत्र में महिला को तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत अन्य के खिलाफ प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र निवासी महिला के मुताबिक, शादी के बाद उसका देवर मो. हुसैन बुरी नजर रखता था। पति को बहकाने लगा। देवर ने पति को बातों में लेकर मारपीट करने लगा। विरोध करने पर उसके पति ने तीन तलाक की धमकी दी। शादी बचाने के वह शांत रही। पीड़िता का कहना है कि उसके बच्चे नहीं हैं। इसको लेकर भी ताने मारे जाते हैं। 2 जनवरी को बीमार होने के बाद भी देवर ने मारपीट की। 3 जनवरी को महिला मां से शिकायत कर रही थी, तभी देवर व पति ने मारपीट कर रात करीब 1.30 बजे घर से बाहर निकाल दिया। इंस्पेक्टर नितेश श्रीवास्तव ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### नवीन परती की भूमि पर दबंग कर रहे खेती

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** मदारीपुर ग्राम पंचायत की चिन्हित नवीन परती की भूमि पर दबंग खेती कर रहे हैं। प्रधान की शिकायत पर इस मामले में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बीकेटी ने एफआईआर के आदेश दिए हैं। महिला ग्राम प्रधान सुशीला रावत के अनुसार गाटा संख्या 696 रकबा 0.2610 हेक्टेयर की भूमि नवीन परती में दर्ज है। उपजिलाधिकारी के आदेश पर पैमाइश के बाद भूमि को सुरक्षित रखने के लिए तार व पिलर लगवा दिए गए थे। लेकिन. गांव के ही छोटू, सुनीता, निर्मला, रामकली, मुन्नी, चांदनी ने तार और पिलर उखाड़ कर उस भूमि पर खेती कर रहे हैं। महिला प्रधान की शिकायत पर एसीपी ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### किराना दुकानदार का संदिग्ध हालात में मिला मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** फोन पर बात करने के बाद घर से निकले किराना दुकानदार दुबग्गा स्थित थैला पुल के पास मरणासन्न मिला। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक ठाकुरगंज थाना अंतर्गत कन्हैया माधवपुर निवासी बिंद्रा प्रसाद सोनी (60) घर के बाहर किराने की दुकान करते हैं। बेटे मोहित ने बताया बुधवार दोपहर पिता की फोन पर किसी से काफी देर बात हुई। इसके बाद वह पैदल बाहर चले गए। करीब दो घंटे बाद उन्हीं के मोबाइल से दुबग्गा स्थित थैला पुल के नीचे मछली पकड़ रहे मछुआरों में से किसी ने फोन किया। बताया एक वृद्ध गोमती नदी के किनारे मरणासन्न पड़े हैं। मोहित परिजन के साथ आनन-फानन घटना स्थल पर पहुंचे और पिता को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहित का कहना है कि पिता किसी के साथ गाड़ी पर गए थे। उनके गले में पड़ी चेन और रुपये गायब थे। घटनास्थल के पास टूटा मोबाइल पड़ा मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि मोबाइल पटका गया। पिता के चेहरे पर चोट के निशान थे। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुये मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाने की मांग की है।

### नहीं बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण, सचिवों को चेतावनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवों की लापरवाही के कारण गांवों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। इससे ग्रामीणों को समय से प्रमाण पत्र नहीं जारी हो रहे हैं। सैकड़ों आवेदन पोर्टल पर लंबित हैं। योजनाओं के अलावा अन्य कार्य भी बिना प्रमाण पत्र के रुके हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से समीक्षा की तो 100 से अधिक प्रमाण पत्र पोर्टल पर लंबित पाए। इस पर संबंधित सचिवों कार्रवाई की चेतावनी देते हुए तीन दिन में प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

# ऋषि हॉस्पिटल में लगी आग, अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विजयंत खंड स्थित ऋषि हॉस्पिटल में गुरुवार सुबह आग लग गई। आग लगते ही ओपीडी में मौजूद मरीज और तीमारदार शोर मचाते हुए भागने लगे। अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

ऋषि हॉस्पिटल में सुबह 11 बजे अस्पताल के बाहरी हिस्से में लगे बिजली के मीटर में हुए स्पार्किंग से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें निकलने लगीं। आग देख अफरा- तफरी मच गई। मरीज व तीमारदार इधर-उधर भागने लगे। अस्पताल के कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास कर अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में एफएसओ गोमतीनगर सुशील कुमार एक दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने दस मिनट में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। एफएसओ के मुताबिक बिजली का मीटर अस्पताल परिसर के बाहर खुले में लगा था। जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# प्लाईवुड फैक्ट्री और मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मोहनलालगंज व ठाकुरगंज इलाके में हुई घटना

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज इलाके में स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर आग लग गई। आग की चपेट में आने से लाखों रुपये की लकड़ी जलकर राख हो गई। वहीं, ठाकुरगंज के निवाजगंज इलाके में एक मकान में शार्ट सर्किट से आग लगी। हादसे की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने एक घंटे में आग पर काबू पाया।

मोहनलालगंज के पुरसैनी गांव के पास प्रसाद प्लाईवुड फैक्ट्री है। यह फैक्ट्री इलाके के रहने वाले मनोज जायसवाल की है। गुरुवार को फैक्ट्री में मजदूर काम कर रहे थे। लगभग 12.30 बजे तेज धुएं की गुबार उठने लगा जिससे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। सभी लोगों ने पहले आग को बुझाने की कोशिश की। लेकिन काबू नहीं पाया जा सका। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे पीजीआई फायर स्टेशन प्रभारी माम बड़ चंद गुर्जर ने बताया कि करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग किन कारणों से लगा इसका पता लगाया जा रहा है।



प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग बुझाते दमकमलकर्मी। अमृत विचार

### शार्ट सर्किट से लगी आग महिला झुलसी

सीएफओ मंगेश कुमार के मुताबिक 3.30 बजे चौक फायर स्टेशन को सूचना मिली की ठाकुरगंज के पास बंगाली बाबा रोड स्थित एक मकान में आग लग गई। आग बुझाने का प्रयास कर रही महिला झुलस गई। सूचना मिलते ही मौके पर दो गाड़ियां भेजी गई थी। सीएफओ के मुताबिक मकान शांति का है। आग शार्ट सर्किट से धुलाई और प्रेस के लिए आए हुए कपड़ों में लग गई थी। घटना स्थल पर जाने वाला रास्ता काफी संकरा था। फायर यूनिट द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से सबमरसेबल और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। हादसे में मकान मालकिन शांति झुलस गई थी। उनको तत्काल अस्पताल भेजा गया।

# ऑपरेशन के बाद आई पैरों में जान, अब ओलंपिक के लिए भरेंगी उड़ान

## पुनर्वास विवि की दिव्यांग छात्रा मंदीप करेंगी पेरिस ओलंपिक खेल में देश का प्रतिनिधित्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जटिल ऑपरेशन के बाद अपने पैरों पर खड़ी हुई पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा मंदीप कौर इस साल पेरिस में आयोजित हो रहे ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। पैरा बैडमिंटन के लिए उन्हें चुना गया है, जिसकी तैयारी में वह जुटी हुई हैं। मंदीप को अब तक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर 45 मेडल मिल चुके हैं।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की छात्रा मंदीप कौर बचपन से चलने-फिरने में सक्षम नही थीं। 2018 में जटिल सर्जरी के बाद उनके पैरों में जान आई। इसके बाद उन्होंने खेल की दुनियां में कदम रखा और बैडमिंटन को अपना कैरियर बनाया।



बैडमिंटन खिलाड़ी मंदीप कौर। अमृत विचार

पैरा बैडमिंटन में उन्होंने अब तक 45 मेडल हासिल किए। मंदीप का कहना है कि उस क्षण का इंतजार कर रही हैं जब ओलंपिक में देश का नाम रोशन करेंगी। इसके लिए वे दिन रात मेहनत कर रही हैं। वह 7-8 घंटे की प्रैक्टिस रोजाना करती हैं।

**भाई के एक्सीडेंट होने के बाद बदला सफर**

उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर की रहने वाली मंदीप कौर ने बताया कि मां के बीमार होने के बाद पिता कावल सिंह सब कुछ छोड़कर घर आ गए। इसी बीच भाई का एक्सीडेंट हो गया। बेटी आगे क्या करेगी, इस बात की घर में चर्चा हुई। फिर मन बैडमिंटन खेल की ओर मुड़ गया। उत्तराखंड में ही बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज से सीखने का मौका मिला और कुछ कर दिखाने का जुनून मन में आया।

**▸▸ पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीत चुकी हैं 45 मेडल**

पुनर्वास में तैयार हो रही बैडमिंटन के पौध : पुनर्वास विवि के क्रीड़ा एवं योग विभाग के निदेशक डॉ. राजीव नयन पाण्डेय ने बताया कि डेढ़ वर्ष के दौरान विवि के छात्रों ने बैडमिंटन की 41 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर 33 पुरस्कार जीते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी दिव्यांग छात्रों ने पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में 8 पदक हासिल किए हैं।

# रोहिन, आशी ने फाइनल में किया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ तीसरी वरीयता प्राप्त यूपी के रोहिन राज और दूसरी वरीयता प्राप्त यूपी की आशी शमशेरी ने दोहरे खिताब की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने एकल और युगल वर्ग में फाइनल में प्रवेश किया।

बालक एकल वर्ग के फाइनल में रोहिन का मुकाबला राजस्थान के निर्वाण शर्मा से होगा। बालिका वर्ग के फाइनल में यूपी की आशी के सामने अपने ही प्रदेश की शाराण्या सिंह की चुनौती होगी। ला-मार्टीनियर कॉलेज के एसडीएस टेनिस अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता के बालक वर्ग में क्वार्टर फाइनल में


बॉल को डिफेंड करतीं हुई आशी।

बड़ा उलटफेर देखने को मिला। शीर्ष वरीय यूपी के अर्जुन को गुरुवार को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें गैरवरीय यूपी के अश्विन चौहान ने रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी। बालक एकल वर्ग में आज खेले गए सेमीफाइनल मैच में तीसरी वरीयता

**▸▸ दोनों खिलाड़ी एकल और युगल वर्ग के फाइनल में**

**▸▸ अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप**

प्राप्त रोहिन राज (यूपी) ने अवि मिश्रा (एमएच) को आसानी से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में 7वीं वरीयता प्राप्त राजस्थान के निर्वाण शर्मा ने यूपी के अश्विन चौहान को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

बालिका एकल वर्ग में आशी ने शानदार खेल दिखाया। पहले सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त आशी शमशेरी ने यूपी की लावण्या सिंह को हराया। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय शाराण्या श्रीवास्तव (यूपी) ने तीसरी वरीयता प्राप्त अनुषा सिंह (यूपी) को हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

## सार-संक्षेप


नायाब नगीने कार्यक्रम में मौजूद फिल्म निर्देशक सुनील बत्ता। अमृत विचार

### जिंदगी में कुछ हासिल करना है तो लेना होगा रिस्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग स्थित सनतकदा में लखनऊ बाइस्कोप ने अपने कार्यक्रम नायाब नगीने में फिल्म निर्देशक सुनील बत्ता को आमंत्रित किया। डाक्यूमेंट्री से टेलीविजन धारावाहिकों का रास्ता तय करते हुए उन्होंने फिल्म अम्मा तक का सफर किया लेकिन लखनऊ छोड़कर कभी मुम्बई का रुख नहीं किया। सुनील बत्ता से मारुफ उमर ने तमाम सवाल पूछे जिसमें उन्होंने अपने सफर पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि छह साल से ही उन्हें कैमरे का चस्का लग गया था। पिता फोटोग्राफी के शौकीन थे। उनकी एल्बम देखा करता था। उन्होंने कहा कि लखनऊ के अलावा लेह दूरदर्शन के लिए खूब काम किया। कहा कि जिन्दगी में कुछ हासिल करना है तो रिस्क लेना आना चाहिए, सीढ़ी चढ़नी है तो पहली सीढ़ी से पैर हटाना ही पड़ता है। दूसरी कमजोर हुई तो गिर भी सकते हैं लेकिन इस डर से पहली पर ही नहीं खड़े रह सकते।


देवर्षि नारद जयंती पर संगोष्ठी की शुरुआत करते मुख्य अतिथि उमेश उपाध्याय।

### पत्रकारिता का मूल तत्व है जिज्ञासा : सुभाष

**अमृत विचार, लखनऊ :** देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय और विश्व संवाद केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एपी सेन सभागार में किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रान्त के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक दुबे ने कहा कि देवर्षि नारद के संचार के विविध सोपानों के माध्यम को हम जानते हैं। उन्होंने हमेशा लोकमंगल की पत्रकारिता की। आरएसएस के पूर्वी यूपी क्षेत्र के प्रचार प्रमुख सुभाष ने कहा कि देवर्षि नारद भगवान के मन हैं, विद्वान हैं और संचारक हैं। पत्रकारिता का मूल तत्व जिज्ञासा है। जिज्ञासा होगी तो जानकारी प्राप्त हो सकती है। संगोष्ठी के अन्तिम सत्र में विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने कहा कि भारत के दर्शन और संस्कृति को पाश्चात्य देशों द्वारा हमेशा नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सौरभ मालवीय ने किया। इस मौके पर आरएसएस अवध के सह प्रचार प्रमुख डॉ. शचीन्द्रनाथ, डॉ. लोकनाथ, डॉ. हरनाम सिंह, सुरेंद्र, डॉ. मनीष कुमार, भारत सिंह, बृजनंदन राजू, डॉ. संतोष के अलावा विभिन्न संस्थाओं के पत्रकारिता के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



गोमतीनगर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाते टुस्को कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

### टुस्को लिमि. ने स्वच्छता को प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में टुस्को लिमिटेड की ओर से गुरुवार को गोमतीनगर के विभूति खंड में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रगति के लिए एक संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सीईओ मनोज सरदाना, अनिल बडोनी, मृदुल दुबे, शशांक लाल, धीरेन्द्र प्रसाद गैरोला समेत अन्य रहे।

# केडी सिंह स्टेडियम के आठ मुक्केबाज फाइनल में

## लखनऊ जिला बाक्सिंग टूर्नामेंट : सीनियर वर्ग के अलग-अलग भार वर्गों के सेमीफाइनल में दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ जिला बॉक्सिंग टूर्नामेंट में गुरुवार को धमाकेदार प्रदर्शन के साथ केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सूरज तिवारी, सारांश वर्मा, अथर्व सिंह, साहिल कुमार, अमित कुमार यादव, जितेंद्र पी सिंह, अनुराम मिश्रा और काजल पाण्डेय ने विभिन्न भार वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित हॉल में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में गुरुवार को एक से बढ़कर एक रोचक मुकाबले देखने को मिले। बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ और क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के समन्वय से आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के प्रद्युम्न सिंह, स्वयं सिंह, शौर्य शुक्ला और सब जूनियर वर्ग में यशदीप सिंह ने जीत दर्ज की।

सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल में पुरुषों में 46 से 48 किग्रा भार वर्ग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सूरज कुमार तिवारी ने मो.कैफ को, मॉडर्न अकादमी (एमए) के मृत्युंजय सिंह ने ग्रैबिएल को और 48-51 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सारांश वर्मा ने वरुण को हराया।


मुकाबले के दौरान एक-दूसरे को पंच करते मुक्केबाज। अमृत विचार

54 से 57 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अथर्व सिंह यादव ने अनिकेत ठाकुर को, 57 से 60 किग्रा में केडी सिंह के साहिल कुमार ने राजवीर सिंह को और किड्स् फिट्स स्पोर्ट्स जोन (केएफएसजेड) के पीयूष शर्मा ने शिवांश को हराया।

इसके अलावा 63.5 से 67 किग्रा में केडी सिंह के अमित कुमार यादव ने अभय कुमार को और केडी सिंह के जितेंद्र पी सिंह ने सैयद मोहम्मद अर्श को, 67 से 71 किग्रा में केएफएसजेड के निखिल तिवारी ने कुशाग्र गुप्ता को, लामार्टनियर कॉलेज के अब्बास काजमी ने अंश यादव को हराया।

71 से 75 किग्रा में केडी सिंह के अनुराग मिश्रा ने ओम श्रीवास्तव को और 80 से 86 किग्रा में एसएनबीए के मोहित सेंगर ने सूर्या पी सिंह को हराया। सीनियर महिला वर्ग में 54 से 57 किग्रा के सेमीफाइनल में केडी सिंह की काजल पाण्डेय ने मोनिका गौतम को हराया। जूनियर बालक वर्ग के सेमीफाइनल में 48 से 50 किग्रा में केडी सिंह के प्रद्युम्न सिंह ने अंश चौहान को, 52 से 54 किग्रा में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के स्वयं सिंह ने आशीष रोका को, 60 से 63 किग्रा में केडी सिंह के शौर्य शुक्ला ने आर्यन सिंह को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई।

इस अवसर पर बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री, सचिव सहदेव सिंह, चेयरमैन दीपक शर्मा, आयोजन सचिव प्रणव श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मनोज पटेल एवं केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाक्सिंग कोच कृपाशंकर व अन्य मौजूद थे।

**जूनियर व सब जूनियर बालक वर्ग में ये खिलाड़ी जीते**

अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों में जूनियर बालक वर्ग में 52 से 54 किग्रा में केएफएसजेड के नवनीत सिंह, 54-57 किग्रा में सिद्धार्थ, चैंपियंस बाक्सिंग अकादमी (सीबीए) के रूद्र मिश्रा, 66 से 70 किग्रा में सीबीए के देवेंद्र सिंह यादव, 70 स 75 किग्रा में सीएफजी के युसूफ अहमद, 75-80 किग्रा में एलपीएस गोमतीनगर के दिव्यांश सिंह व एलपीएस वृंदावन के देवेन शर्मा ने जीत दर्ज की। सब जूनियर बालक वर्ग के सेमीफाइनल में 30 से 32 किग्रा भार वर्ग में अयान खान, 34 से 36 किग्रा में कृष्णा रावत, 38 से 40 किग्रा में आलोक वर्मा और यशदीप सिंह, 40 से 42 किग्रा में दिव्यांशु बिष्ट व स्वरित मिश्रा, 42 से 44 किग्रा में दक्ष गोपाल व वंश कुमार, 44 से 46 किग्रा में ईशान, 46 से 48 किग्रा में आर्यन वर्मा, 48 से 50 किग्रा में अभिनव यादव व लक्ष्य शुक्ला एवं 50 से 52 किग्रा में सत्यार्थ मिश्रा व करन पटेल ने जीत दर्ज की।

### जनता के लिए चुनाव लड़ रहा गठबंधन : नरेंद्र त्रिपाठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा से परेशान हो चुकी जनता के लिए इंडी गठबधंन चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से परेशान जनता इंडी गठबंधन को जिताकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी।

**सूचना**

मैं, अफरीन, उम्र लगभग 60 वर्ष, पत्नी स्व0 अब्दुल अहद, निवासिनी– 268/79/4 मास्टर कन्हैयालाल रोड, ऐशबाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, अपने छोटे बटे इमरान मुर्तजा (फ़ैसल), उम्र लगभग 30 वर्ष, पुत्र स्व0 अब्दुल अहद जिसका चाल–चलन व सामाजिक व्यवहार ठीक नहीं है, के गैर ज़िम्मेदाराना व्यवहार से आजिज़ आकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पति से आज दिनांक 23/05/2024 को बेदखल करती हूं। आज से इमरान मुर्तज़ा (फ़ैसल) पुत्र स्व0 अब्दुल अहद से किसी भी प्रकार का कोई नाता–रिश्ता नहीं रखना है और ना भविष्य में रखूंगी। मैं और मेरा परिवार आज से इमरान मुर्तज़ा (फ़ैसल) पुत्र स्व0 अब्दुल अहद के किसी भी कृत्य हेतु जिम्मेदार नहीं होगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/समादि/को., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :–

**निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नाम : निविदा सूचना संख्या - 06-2024-CW** ''सप्लाई एंड फिटमेंट ऑफ 02 नं. न्यूमैटिक प्रैशर पाइप लाइन्स आफ लेन्थ 580 मी. ईच ऐट पिट लाइन इन न्यू कोचिंग डिपो गोरखपुर, ओल्ड कोचिंग डिपो गोरखपुर, ऐशबाग कोचिंग डिपो एंड 01 नं. न्यूमैटिक प्रैशर पाइप लाइन्स आफ लेन्थ 580 मी. ऐट पिट लाइन इन गोमती नगर डिपो इन ए पीरियड आफ 06 मन्थ्स।'' **अनुमानित लागत :** रु. 33,54,873.20, **अग्रिम धन :** रु. 67,100.00, **निविदा की अवधि :** 06 माह।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय **15.06.2024, 14:00 बजे** तक एवं यह ई–निविदा दिनांक **15.06.2024 को 14:00 बजे** के बाद खोली जाएगी। • इस ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताएं तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**सहायक मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/कोचिंग**
**मुजाधि/यांत्रिक-21 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना सं: व.मं.वि.इ./ गति शक्ति/इज्जत./इलै./07/2024
दिनांक 20-05-2024

निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:–

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत फर्रूखाबाद व कासगंज में 12 मीटर चौड़े द्वितीय एफ.ओ.बी. के प्रावधान और एफ.ओ.बी. लालकुआं स्टेशन के साथ रूफ प्लाजा के विकास के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरणः** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 41,83,884.90, धरोहर राशि रू.में: ₹ 83,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 12-06-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः चार माह।

**क्रम सं.-02,** कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम तथा टनकपुर) रेलवे स्टेशनों के लिये एस्केलेटर की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरणः** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 42,30,909.40, धरोहर राशि रू.में: ₹ 84,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 12-06-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः चार माह।

**क्रम सं.-03,** कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिये एस्केलेटर की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य। **विवरणः** अनुमानित लागत रू. में: ₹ 24,92,258.61, धरोहर राशि रू.में: ₹ 49,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू.में: शून्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 12-06-2024, 11:00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः चार माह।

• इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

वरि. मंडल विद्युत इंजी. (सा./गतिशक्ति)
मुजाधि/विद्युत-39 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**



संकटमोचन हनुमान मंदिर के सत्संग हाल में आयोजित संगीत संध्या में गीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार

### राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेजबान लखनऊ सहित प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों के लगभग 400 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर एवं 24वीं सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में पदक के लिए जोर आजमाइश करेंगे। यह प्रतियोगिता शुक्रवार से केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुद्देशीय हॉल में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों का वजन गुरुवार को लिया गया।

### राजेश एकादश ने संजीव को दी मात

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएएल अंडर-16 ट्रायल मैच में गुरुवार को राजेश कपूर एकादश ने संजीव त्रिपाठी एकादश को हराया। डीडी गोसाईगंज मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए संजीव त्रिपाठी एकादश ने 35.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजेश कपूर एकादश ने 42.1 ओवर में 7 विकेट खोकर 219 रन बनाए और जीत दर्ज की।

# महिला कलाकारों के गीतों पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रख्यात संगीतज्ञ प्रो. कमला श्रीवास्तव और पद्मश्री योगेश प्रवीन की स्मृति में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। संकटमोचन हनुमान मंदिर के सत्संग हाल में हुए इस आयोजन में कमला श्रीवास्तव और योगेश प्रवीन द्वारा लिखे गीत गाये गये। महिला कलाकारों ने इन गीतों को मनोहारी अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों को मुग्ध कर दिया।

ज्योति कलश संस्कृति संस्थान की सचिव कनक वर्मा के संयोजन में हुए इस आयोजन के लिए लोक गायिका इंदिरा श्रीवास्तव और आकाशवाणी व दूरदर्शन की कलाकार आशा श्रीवास्तव के निर्देशन में महिलाओं ने गीतों को तैयार किया। नीरा मिश्रा, अंजली श्रीवास्तव, सुषमा प्रकाश, अपर्णा सिंह, ज्योति किरण रतन, सरिता अग्रवाल, कुमकुम, नीता निगम, शकुंतला, सुमन, पूर्णिमा, मधु, मंजुला और इला समेत 25 महिलाओं ने संगीत संध्या में गीत प्रस्तुत किये। संचालन डॉ. सरोजनी ने किया।

**▸▸ कमला श्रीवास्तव व योगेश प्रवीन की स्मृति में हुई संगीत संध्या**

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने यहां कहा कि संगीत की विरासत को संजोने वाले ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि हमें तो ऐसे विद्वानों के साथ रहने का मौका मिला, उनकी सौंपी लेखनी को सहेजने का काम हम कर रहे हैं।

आकाशवाणी की पूर्व निदेशक रश्मि चौधरी, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की पूर्व एसोसियेट प्रोफ़ेसर डॉ. उषा बनर्जी, कथक गुरु डॉ. रुचि खरे, प्रो. उषा सिन्हा और गायक केवल कुमार मौजूद रहे।

# 26 को प्रेरणा दिवस मनाएंगे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सर्वे छापे का विरोध कर रहे व्यापारियों के आंदोलन में 26 मई 1979 को पुलिस की गोली से शहीद हुए व्यापारी हरिश्चंद्र अग्रवाल की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस वर्ष उनकी 45 वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर प्रत्येक जिले के 11 व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

**▸▸ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित करेगा कार्यक्रम**

इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, नगर महामंत्री अनुज गौतम, महिला प्रदेश महामंत्री एकता अग्रवाल, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, संजय निधी अग्रवाल, राजू साहू समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**मंचन** | पद्मश्री राज बिसारिया को समर्पित तीन दिवसीय नाट्य समारोह शुरू

# क्रांतिकारियों की वेदना स्पष्ट करता है नाटक काला पानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नाट्य संस्था निसर्ग के तत्वावधान में संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में पद्मश्री राज बिसारिया को समर्पित तीन दिवसीय नाट्य समारोह भरत नाट्य पर्व शुरू हुआ। नाट्य पर्व की पहली संध्या पर गुरुवार को ललित सिंह पोखरिया द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक काला पानी का मंचन किया गया।

नाटक आजादी की लड़ाई के दौर की याद दिलाता है। अंग्रेज हुकूमत स्वतन्त्रता की लड़ाई लड़ रहे सेनानियों को काला पानी की सजा सुनाती थी। यह सजा काटने के लिए हजारों मील दूर सेल्युलर जेल में कैद कर दिया जाता था। इस टापू तक कोई सूचना नहीं पहुंचती थी। यहां रखे गए क्रांतिकारी एकाकी जीवन की वेदना भोगने को विवश होते थे। जेल में नये क्रांतिकारी आते थे तो वह पुराने क्रांतिकारियों से नहीं मिल पाते थे। इस वजह से क्रांतिकारियों तक आजादी की लड़ाई का मौजूदा स्वरूप नहीं पहुंच पाता था। वह इस कष्ट को भोगते थे कि वह आजादी के लिए कोई ऐसा कारनामा भी नहीं कर पाए कि उन्हें फांसी का दंड मिल गया होता।



संत गाडगे प्रेक्षागृह में आयोजित नाटक काला पानी का मंचन करते कलाकार।

नाटक में सूत्रधार की भूमिका में खुद ललित सिंह पोखरिया थे। इनके अलावा याजुवेंदर कमल, अनुराग शुक्ला, सुजीत सिंह यादव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, सुश्रुत गुप्ता, पीयूष राय, योगेन्द्र पाल, अंकित श्रीवास्तव, अमितेश वैभव चौधरी, अभ्युदय तिवारी संजीत यादव, विशाल सिंह और ओंकार पुष्कर ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

# व्यक्ति को अपनी जड़ों से कभी कटना नहीं चाहिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन की पुस्तक शीतल धूप का विमोचन किया। विमोचन समारोह राजभवन कालोनी के सीएसआई क्लब में किया गया।

भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी अंजू ने गांव की पृष्ठभूमि और अपनी मिट्टी के साथ जुड़े अनुभवों के आधार पर लिखी रचनाएं इस पुस्तक में शामिल की हैं। उनकी रचनाएं यह बताती हैं कि यह अधिकारी अपनी जड़ों को नहीं भूली हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पुस्तक शीतल धूप का विमोचन करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपनी जड़ों से कभी कटना नहीं चाहिए। अंजू रंजन ने जिन्दगी में अपना मुकाम हासिल कर लिया लेकिन अपनी जड़ों के साथ जुड़ी रहीं यह बहुत बड़ी बात है। इस अवसर पर एसीएस अनीता सिंह, प्रमुख सचिव समाज कल्याण हरिओम, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रंजन कुमार आदि मौजूद रहे।



आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन की पुस्तक शीतल धूप का विमोचन करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

**▸▸ आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन की पुस्तक शीतल धूप का विमोचन**

# हैलो फायर स्टेशन, फैक्ट्री में आग लगी है...17 नंबरों से आई कॉल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फायर स्टेशन के कंट्रोल रूम में दी जा रही फर्जी सूचनाएं
- जब टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर सबकुछ सामान्य मिला
- सरोजनीनगर कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर



**अमृत विचार :** हैलो फायर स्टेशन सरोजनीनगर से बोल रहे हैं? फैक्ट्री में आग लग गई है? अभी यह सूचना मिली ही थी कि दूसरे नंबर से कॉल आती है और कहा जाता है कि काम्प्लेक्स में आग लग गई। जब टीम मौके पर पहुंची तो वहां पर सबकुछ सामान्य मिला। इस तरह की लगातार कॉल सरोजनीनगर फायर स्टेशन पर कॉल आ रही थी। परेशान एफएसओ ने सरोजनीनगर थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।

एफएसओ सरोजनीनगर सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक फर्रुखाबाद चिल्लावां अमौसी में सईद नाम का युवक रहता है। वह लगातार पिछले एक साल से फायर स्टेशन को मनगढ़ंत सूचना देकर परेशान कर रहा है। कभी कॉल कर बताता है कि घर में आग लग गई, तो कभी फैक्ट्री और वाणिज्यिक भवन में आग लगने की सूचना देता है। सूचना मिलने पर आपात सेवा अधिनियम 2024 के प्रोटोकाल के अनुसार टीम मौके पर रवाना की जाती है। वहां पहुंचने पर पता चलता है कि कोई घटना ही नहीं हुई है।

**सही घटनाओं पर पहुंचने में हो रही दिक्कत :** एफएसओ ने बताया कि फर्जी सूचनाओं के कारण फायर स्टेशन से जुड़े क्षेत्र में सही घटनाओं का काम प्रभावित हो रहा है। फायर स्टेशन में तीन अग्निशमन वाहन है। फर्जी सूचना पर दो वाहन रवाना हो जाते हैं। तीसरा वाहन वीवीआईपी ड्यूटी में एयरपोर्ट व अन्य स्थान पर तैनात रहता है। ऐसे वास्तविक घटना हो जाने पर जान माल की क्षति होने की संभावना बढ़ जाती है। प्रभारी निरीक्षक सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि एफएसओ की तहरीर पर सईद के खिलाफ धमकाने, फर्जी सूचना देने और सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की एफआईआर दर्ज किया गया है। वहीं, जितने भी नंबर उपलब्ध कराए गए है। सभी के कॉल डिटेल निकाले जा रहे है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### एक वर्ष से कर रहा परेशान

एफएसओ ने बताया कि फर्जी सूचना देने की पहली कॉल 7913266266 से 29 जुलाई 2023 को आई। इसके बाद धीरेंद्र यादव नाम बताकर एक अगस्त को 7318130074 से कॉल की गई। इसी तरह 23 सितंबर को 8171631810 को कॉल आई। 7398220408 से 7 नवंबर, 2 और 8 दिसंबर को कॉल किया गया। वहीं, 4 दिसंबर को नरगिस नाम के कॉलर ने 9696788942, अरूण राय के नाम से 11 फरवरी 2024 को 9817185241, उसी दिन 7398220408 नंबर से कॉल् आई। इसके बाद 18 फरवरी को रमेश कुमार के नाम से 9026150116, 13 अप्रैल को विकास साहू के नाम से 9794329999, 23 अप्रैल को रामधारी के नाम से, 30 अप्रैल को इसी नंबर से राजेश के नाम, 12 मई को सुरेश, 15 मई और 21 मई को 7398220408 से कॉल किया गया। सभी जगह टीम पहुंची तो वहां कोई घटना नहीं हुई थी।

### फोन करने पर देता है गाली

एएफएसओ के मुताबिक मौके पर घटना न होने की पुष्टि होती है। इस पर टीम द्वारा काल करने वाले सईद को फोन मिलाया जाता है। अक्सर वह फोन नहीं उठाता। उठा लिया और जानकारी मांगी गई तो गालियां देने लगता है। यहां तक की जान से मारने की धमकी देता। अधिकांश सूचना 7398220408 मोबाइल नंबर से दी गई है। इससे सूचना देने वाला अपना नाम सईद और पता फर्रुखाबाद चिल्लावां बताता है। उसे समझाने का प्रयास कई बार किया गया पर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

# नया घाट चौकी इंचार्ज के खिलाफ कार्यवाही पर लगी अंतरिम रोक

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या कोतवाली में तैनात नया घाट चौकी इंचार्ज विजयंत मिश्रा के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने चौकी इंचार्ज विजयंत मिश्रा की याचिका पर पारित किया। चौकी इंचार्ज को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अयोध्या ने जांच में पक्षपात करने व अन्य आरोपों के मामले में तलब किया था। हाईकोर्ट में याची की ओर से अधिवक्ता चंदन श्रीवास्तव ने दलील दी कि मामले में वादी कीर्ति शंकर तिवारी व उसके भाई के मध्य पारिवारिक विवाद है, दोनों पक्ष एक दूसरे के विरुद्ध आरोप-प्रत्यारोप लगाया करते हैं। कहा गया कि याची ने अपने सरकारी दायित्वों के तहत मामले की जांच कर उच्चाधिकारियों को आख्या प्रेषित की थी व शांतिभंग की आशंका को देखते हुए, दोनों पक्षों का चालान कर दिया था, इसी बात से नाराज होकर वादी के द्वारा याची के विरुद्ध परिवाद दाखिल किया गया। याची की ओर से तर्क के समर्थन में सुपीम कोर्ट के तमाम निर्णयों का हवाला दिया गया।

## एक नजर

### एटोपिक डर्मेटाइटिस पर सीएमई का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल में गुरुवार को एटोपिक डर्मेटाइटिस पर सीएमई का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. एमएच उस्मानी ने बताया कि इस जेनेटिक और इंवायरमेंटल बीमारी में स्किन ड्राई हो जाती है। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि अब हर गुरुवार को अस्पताल में सीएमई का आयोजन होगा। डॉ. निधि खत्री और डॉ. ऐशानी बनुगरिया ने रोशनी डाली। सीएमएस डॉ. एनबी सिंह, एमएस डॉ. हिमांशु चर्तुवेदी समेत सभी डॉक्टर व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पत्नी पर देह व्यापार का आरोप, दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा में एक व्यक्ति ने पत्नी पर देह व्यापार का आरोप लगाया है। पति के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मजदूर के मुताबिक उसकी पत्नी शराब की लती है। उसकी गैर मौजूदगी में वह अन्य महिलाओं को घर में बुलाकर देह व्यापार कराती है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करती है। कई बार वह जान से मारने की धमकी दे चुकी है। पत्नी की हरकतों से तंग आकर ही पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है। एसीपी शकील अहमद ने बताया कि पत्नी से पूछताछ की जा रही है।

### बीईओ की रील वायरल करने में दो शिक्षक निलंबित

**अमृत विचार, हरदोई :** विकास क्षेत्र भरावन के प्राथमिक स्कूल भरावन प्रथम में आपसी विवाद के चलते दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। इसको लेकर कुछ लोगों ने भरावन बीईओ डीएल राना की फोटो लगाकर 'का हो मंगरू अब का करबा' गीत के साथ वायरल कर दिया। रील को इसे शिक्षक हर्षेंद्र सिंह की आईडी से वायरल किया गया है। इस मामले पर बीईओ डीएल राना का कहना है कि अपने अधिकारी के प्रति शिक्षकों की ऐसी प्रतिक्रिया और मजाक बनाना अनुशासनहीनता है। हम तो चुनाव ड्यूटी में बूथ चेक कर रहे थे।

# फोन लूट के विरोध में युवक को पीटा, अस्पताल में मौत

## बाइक और गुमटियां तोड़ी, घरों पर किया पथराव, चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



युवक का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते परिजन व ग्रामीणों को समझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में नशे में धुत हमलावरों ने युवक को लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। युवक ने सिविल में दम तोड़ दिया। हमलावर एक ग्रामीण का मोबाइल छीन रहे थे। युवक बीच बचाव करने पहुंचा था। हमलावरों ने जमकर हंगामा किया गाड़ियां और गुमटी तोड़ घरों पर पथराव किया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी खेतों से होकर भाग निकले। बेटे के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो को पकड़ा है।

थाना अंतर्गत बबुरिया खेड़ा निवासी राजकुमार ने बताया बुधवार रात करीब 11 बजे उसके पिता हरिश्चंद्र (45) शौच के लिए घर से निकले थे। घर से कुछ दूर पर उन्होंने देखा गांव निवासी दिलीप से पड़ोसी गांव नेवलखेड़ा निवासी मुकेश समेत कुछ बाइक सवार मोबाइल छीनने के लिये हाथापाई कर रहे हैं। हरिश्चंद्र बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें पकड़ कर पीटना शुरू कर दिया। शोर सुन पत्नी सुदामा पहुंची तो आरोपियों ने उनसे भी धक्का मुक्की शुरू कर दी। दिलीप व सुदामा ने हरिश्चंद्र को बचाने का प्रयास किया।

इस बीच मुकेश ने फोन कर अपने भइयों वीरेंद्र, सुरेंद्र , नरेंद्र व अन्य लोगों को बुला लिया। राजकुमार के मुताबिक आरोपियों ने पिता हरिश्चंद्र को पीट कर मरणासन्न कर दिया। करीब आधा घंटे जमकर उत्पात किया। लोगों के घरों के बाहर खड़ी बाइकें व गुमटियां तोड़ने के बाद घरों पर जमकर पथराव किया। इससे ग्रामीण डर कर घरों में दुबक गये और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो आरोपी खेतों से होकर भाग निकले। पुलिस ने गंभीर घायल हरिश्चंद्र को एंबुलेंस से गोसाईगंज सीएचसी भेजा। जहां से डाक्टरों ने सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप ने बताया मृतक के बेटे के प्रार्थना-पत्र पर मुकेश, वीरेंद्र, नरेंद्र, सुरेंद्र के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि सुरेंद्र और वीरेंद्र को पकड़ कर जेल भेज दिया है।

**नशे में धुत होकर घूमने निकले थे आरोपी :** नेवलखेड़ा निवासी मुकेश के घर बुधवार को जन्मदिन की पार्टी थी। इसमें मुकेश, उसके भाई और रिश्तेदारों ने जमकर शराब पी थी। नशे में धुत होने पर रात करीब 11 बजे मुकेश रिश्तेदारों के साथ बाइक से पड़ोस के गांव बबुरिया खेड़ा घूमने गया था। जहां पर दिलीप का मोबाइल छीनने को लेकर विवाद में हरिश्चंद्र को पीटकर मरणासन्न कर दिया।

### गिरफ्तारी की मांग, शव रखकर किया प्रदर्शन

पोस्टमार्टम के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने हरिश्चंद्र के सभी हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मोहनलालगंज रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। हंगामा की सूचना पर तीन थानों की फोर्स और पुलिस अफसर पहुंचे। काफी समझाने के बाद भी जब ग्रामीण शांत नहीं हुये तो पुलिस कर्मियों ने जबरन शव उठाया और गाड़ी में रखकर गांव पहुंचे। जहां घर के बाहर शव रखकर सभी को समझा बुझाकर शांत किया। करीब तीन घंटे हंगामा के चलते रोड पर जाम रहा। इससे राहगीर व वाहन चालक जाम में फंसकर परेशान हुये।

# पांच जोन में सफाई व्यवस्था संभालेगी रामकी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम ने पांच जोन में साफ सफाई का पूरा काम रामकी कंपनी को सौंपने कर लिया है। इन पांचों जोन में कंपनी ही डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सड़क-नालियों की सफाई, डम्पिंग यार्डों से शिवरी प्लांट तक कूड़ा पहुंचाने का काम करेगी। अभी कंपनी चार जोन में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन ही कर रही है

नगर निगम में शहर को आठ जोन में बांट रखा है। इसमें जोन एक, तीन, चार, छह और सात में साफ सफाई का काम हैदराबाद की कंपनी रामकी को दिया जा रहा है। इस कंपनी को पूरा काम देने के लिए पहली मार्च को नगर निगम सदन की बैठक में प्रस्ताव रखा गया था। जिसका पार्षदों विरोध कर हंगामा किया था। इससे सदन ने तीन महीने तक घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम कंपनी को देने का प्रस्ताव पास किया था। अब लोकसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद कंपनी पांच जोन में पूरा काम देखेगी।

### कंपनी इस तरह करेगी कूड़ा प्रबंधन में सुधार

घरों से कूड़ा कलेक्शन के लिए कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करेगी। घरों से ही सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग लिया जाएगा। लालबाग डिजिटल कंट्रोल रूम से कर्मचारियों, गाड़ियों की मॉनीटरिंग होगी। डिजिटल कंट्रोल रूम पर जनता की शिकायतों का निस्तारण भी कराया जाएगा। कॉम्पैक्टर से कैप्सूलनुमा गाड़ी में कूड़ा निस्तारण को शिवरी प्लांट भेजा जाएगा। जोन में ही कूड़ा छांटने के लिए एमआरएफ सेंटर बनाए जा रहे हैं।

कंपनी जल्द पांच जोन में कूड़ा प्रबंधन की जिम्मेदारी पूरी तरह संभाल लेगी। अभी कंपनी ने चार जोनों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू कर दिया है।

**-पंकज श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम**

### दुकानदार समेत दो को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, ताल कटोरा :** थाना अंतर्गत राजाजीपुरम एफ ब्लॉक निवासी आमिर हुसैन की एफ ब्लॉक में मोबाइल दुकान है। कादिर, हनीफ, वसीम नशे में दुकान पर डाटा केबल बदलने पहुंचे थे। जहां आमिर के भाई तालिब से गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राड, चाकू व बाइक की चेन से दौड़ा दौड़ा कर पीटा। इसमें दुकानदार व आमित गंभीर घायल हो गये। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान माल की धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित परिजन ने तालकटोरा थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है।

# अकबरनगर के 100 विस्थापितों को बांटे आवास आवंटन पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अकबर नगर में महिला को आवास आवंटन पत्र देते अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा।

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय के 100 विस्थापितों को गुरुवार को आवासों के आवंटन पत्र बांटे। जिन परिवारों को आवंटन पत्र दिए गए हैं, उन्हें एक सप्ताह में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों में भेज दिया जाएगा।

अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राधिकरण ने पहले चरण में 928 विस्थापितों के आवास आवंटन पत्र जारी किए हैं। आवंटन पत्र बांटने के लिए गुरुवार को अकबर नगर में विशेष शिविर लगाया गया। इसमें अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने जोन-5 के अधिशासी अभियंता राज कुमार व जोन-6 के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर की टीम ने घर-घर जाकर 100 आवंटन पत्र दिए। विस्थापितों को हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास दिए जाएंगे। शेष आवंटन पत्र शुक्रवार को वितरित करेंगे। जो व्यक्ति मौके पर नहीं मिलेगा, उसका आवंटन पत्र उसके मकान में चस्पा कर दिया जाएगा। आवंटन पत्र मिलने पर एक सप्ताह में आवंटी को बसंतकुंज योजना में शिफ्ट कर दिया जाएगा। ये लोग अकबर नगर स्थित अपने भवन का कब्जा प्राधिकरण के सुपुर्द करेंगे। ऐसा न करने पर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विधिक कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, कुकरैल नदी व बंधे पर कब्जा कर आवासीय व व्यवसायिक भवन बनाए गए हैं।

# करंट से फल विक्रेता व मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अलग-अलग थाना क्षेत्र में करंट से दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में पोल में करंट उतरने से फल विक्रेता और दूसरी घटना में लकड़ी कारखाने के टिन में करंट उतरने से मजदूर की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष से अभी तक प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

सआदतगंज के लकड़मंडी निवासी सीमा के मुताबिक, पति बब्लू गुप्ता (40) फल का ठेला लगाते थे। बुधवार रात वह कोठारी बंधु चौराहे पर लगे हाई मास्ट लाइट के पोल के लिए बने फाउंडेशन पर बैठे थे। इस बीच पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गए। लोगों की मदद से उन्हें ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी सीमा, बेटी खुशी, सिद्धी, कुमद व लाडो हैं। इंस्पेक्टर ने बताया मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। उधर, गोसाईगंज के साहन टोला निवासी फैजान (21) लकड़ीमंडी में मुनव्वर हुसैन के लकड़ी के कारखाने में मजदूरी करता था। बुधवार शाम को नहाकर कारखाने में पड़ी टिन पर रखे कपड़े उठा रहा था। इसी दौरान टिन में उतरे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथी मजदूर उसे लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**समस्या** लगानी पड़ रही दौड़, कहीं कैश नहीं, अंडर मेंटिनेंस का लगा है कई जगह बोर्ड

# चार एटीएम के लगाए चक्कर, फिर भी नहीं निकल पाया पैसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





शक्ति भवन के पास खराब एसबीआई का एटीएम। अमृत विचार



सप्रू मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर खराब एटीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर में विभिन्न बैंकों के एटीएम में नकदी की कमी ने नोटबंदी की याद ताजा कर दी है। एटीएम में कहीं सर्वर डाउन है तो किसी में नो कैश का मैसेज नजर आ रहा है। कुछ एटीएम में अन्डर मेंटेनेंस का डिस्प्ले दिख रहा है। लोग एक से दूसरे एटीएम पर जाते हैं लेकिन निराश होना पड़ रहा है।

शहर के हजरतगंज, स्प्रू मार्ग, शहीद स्मारक, हैदरगंज, आलमबाग, पुरनिया, राजाजीपुरम, तेलीबाग, इंजीनियरिंग चौराहा सहित कई क्षेत्रों में लगे एटीएम की गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने पड़ताल की। किसी एटीएम में पैस नहीं था, तो किसी में सर्वर न होने की दिक्कत थी।कुछ जगह एटीएम अंडर मेंटीनेंशन बता रहा था। इससे पैसा निकालने के लिए कई एटीएम की दौड़ लगाकर लोग पसीना-पसीना होते दिखे।

शक्तिभवन के पास एसबीआई का ई-कार्नर है। इसमें लगे एटीएम पर कागज लिपटा था, लिखा था मशीन खराब है। गार्ड ने बताया कि एटीएम दो दिन से खराब है। कुछ ही देर में कई लोग आए और पसीना पोछते हुए ई-कार्नर में घुसे और पैसा न होने से निराश लौट गए। हजरतगंज स्थित रेलवे परिमंडल कार्यालय के बाहर एसबीआई के दो एटीएम लगे हैं। दोनों ही एटीएम काम नहीं कर रहे थे। गार्ड ने बताया कि सर्वर की समस्या है। चूंकि एटीएम यह क्षेत्र व्यस्ततम है, इसलिए कुछ ही देर में कई लोग पैसे निकालने के लिए पहुंचे और निराश लौटे। सप्रू मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के बाहर लगा एटीएम भी काम नही कर रहा था। एटीएम डिस्प्ले पर अन्डर मेंटिनेंस लिखा था। तीनों एटीएम कुछ ही दूरी पर हैं, लेकिन कोई काम नहीं कर रहा था। ऐशबाग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में कैश नहीं होने का बोर्ड लगा था।

नरही के मोहित यादव ने दोपहर के दो बजे एटीएम पर रुपये निकालने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि तीन एटीएम में होकर आए हैं, पैसे नहीं मिले। यहां भी निराशा हाथ लगी। अब कहीं आगे जाकर देखते हैं। निशातगंज के मनोज कश्यप ने बताया कि पैसे की जरूरत थी, लेकिन यहां दोनों एटीएम में पैसे ही नहीं हैं। अब आगे जाकर देखते हैं। लालबाग के शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि गर्मी में बहुत परेशान होना पड़ रहा है। दो एटीएम में होकर आए हैं, अब यहां भी पैसे नहीं निकले। शुभम अग्रवाल ने कहा कि ज्यादातर एटीएम में यही हाल है। जहां जाओ कहीं कैश नहीं तो कहीं सर्वर। पांच एटीएम में होकर यहां आया, लेकिन पैसा नहीं निकला। अब छठवें एटीएम जाकर देखता हूं।

आपसे जानकारी मिली है, एटीएम में कैश समेत अन्य समस्याओं को जल्द दूर कराया जाएगा। सर्वर डाउन की समस्या कभी-कभी आ जाती है।उसकी वजह से भी दिक्कत हो जाती है।

**-रजनीश कुमार, डीजीएम, एसबीआई एटीएम**

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

